नई दिल्ली
शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 185
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 30
न्यून. 21

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं
haribhoomi.com




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आईआरसीटीसी की टिकट बुकिंग साइट हुई ठप



नई दिल्ली। रेलवे की टिकट ऑनलाइन बुक करने वाली आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुक्रवार को फिर डाउन हो गई। अधिकारियों के अनुसार तकनीकी कारणों से ऐसी दिक्कत हुई। मोबाइल एप का भी यही हाल रहा। करीब आधे घंटे बाद यह सामान्य हो गई। लेकिन इस दौरान लाखों यूजर्स को भारी परेशानी हुई। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा उतारा है। यूजर्स ने जैसे ही साइट खोली, उन्हें एक मैसेज दिखाई देगा। इसमें लिखा था कि अगले घंटे तक बुकिंग और कैंसिलेशन सेवा इस साइट पर उपलब्ध नहीं है। असुविधा के लिए खेद है।

प्रधानमंत्री ने गाजा शांति समझौते में मिस्र के राष्ट्रपति द्वारा निभाई गई अहम भूमिका के लिए उन्हें बधाई दी

# पीएम मोदी से मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र की हुई मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल और हमास के बीच हुए शांति समझौते के बाद भारत की यात्रा पर आए मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलती ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जिसमें डॉ.अब्देलती की स्वदेश यात्रा को लेकर प्रसन्नता जताते हुए पीएम ने गाजा शांति समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी को बधाई देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही यह उम्मीद जताई कि इस समझौते से क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्रालय ने 17 अक्टूबर को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में इस मुलाकात को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. अब्देलती का स्वागत करके मुझे प्रसन्नता हुई है। गाजा शांति समझौते में अहम भूमिका निभाने के लिए मैंने अपने मित्र राष्ट्रपति सीसी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। इसके अलावा उन्हें बताया कि भारत और मिस्र की सामरिक साझेदारी हमारे लोगों, साझा क्षेत्र और मानवता के लाभ के लिए निरंतर मजबूत होती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों के साथ ही द्विपक्षीय सहयोग के तमाम क्षेत्रों में जारी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। डॉ. अब्देलती ने प्रधानमंत्री को उनकी मिस्र यात्रा के दौरान आयोजित होने वाली पहली भारत-मिस्र रणनीतिक वार्ता के बारे में जानकारी दी।

**समझौते से क्षेत्र में स्थापित होगी स्थायी शांतिः पीएम**

**व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा में करेंगे सहयोग**



### 9 अक्टूबर को हुआ था समझौता

*बताते चलें कि यह समझौता इसी महीने 9 अक्टूबर मिस्र, अमेरिका, कतर और तुर्किये की मध्यस्थता से शर्म-अल-शेख में हुए शांति सम्मेलन में हुआ था। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक देशों के शीर्ष नेता और कई अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हुए। सभी पक्षों ने समझौते से जुड़े अहम बिंदुओं जैसे युद्धविराम को बनाए रखने और बंधकों की अदला-बदली पूरी करने के मुद्दे के क्रियान्वयन को लेकर अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया था। इस पूरी कवायद का एकमात्र उद्देश्य यही था कि गाजा पट्टी से इजरायल की सेनाएं पीछे हटें ताकि क्षेत्र में जरूरी मानवीय सहायता पहुंच सके। समझौते के पहले चरण के क्रियान्वयन के साथ हमास ने इजरायल के 20 जीवित बंधकों की रिहाई की थी। जबकि इजरायल ने फिलिस्तीन के कुल करीब तीन हजार कैदियों को रिहा किया था। समझौते के दौरान हालांकि शर्म-अल-शेख में इजरायल और हमास में से किसी की भी भागीदारी देखने को नहीं मिली।*

### राष्ट्रपति अल सीसी का पक्ष

*मिस्र के राष्ट्रपति ने सम्मेलन में शांति समझौते को ऐतिहासिक और निर्णायक बताते हुए इसका स्वागत किया था। इसके अलावा उनका ये भी कहना था कि इस योजना को पूर्णतः लागू किया जाना चाहिए। जिससे द्विराष्ट्र सिद्धांत की दिशा में कदम आगे बढ़ा सकें। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शांति समझौते का स्वागत करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका की सराहना की थी। इस* ▶▶ शेष पेज 8 पर

शिक्षा, तकनीक, नवाचार और विकास सहयोग के मामले पर भी दोनों शीर्ष नेताओं ने की बातचीत

# भारत-श्रीलंका के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बैठक, मछुआरों का मुद्दा शामिल रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ संकट और वैश्विक स्तर पर जारी सुरक्षा चुनौतियों के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जिसमें दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने वाले कई मुद्दों जैसे मछुआरों के कल्याण के अलावा शिक्षा, तकनीक, नवाचार विकास सहयोग को बढ़ावा देने वालों कदमों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि पीएम मोदी ने इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के विशेष संबंधों को रेखांकित करते हुए भारत और श्रीलंका के साझा विकास की यात्रा में एकजुटता से काम करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। ज्ञात हो कि दोनों देशों के बीच मछुआरों के मामले पर अक्सर तनाव बना रहता है। भारत श्रीलंका के समक्ष पहले भी इस मुद्दे को कई बार जोर-शोर से उठा चुका है। ▶▶ शेष पेज 8 पर



### 16-18 अक्टूबर तक की है भारत यात्रा

*प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को लेकर एक्स पर एक पोस्ट भी की। जिसमें उन्होंने 'श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या का स्वागत करते हुए प्रसन्नता जताई। इसके अलावा कहा कि हमारी चर्चाओं में मछुआरों के कल्याण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, नवाचार और विकास सहयोग सहित कई व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा हुई। भारत और श्रीलंका का दो बेहद निकट पड़ोसी देश होने के नाते हमारा सहयोग दोनों देशों की जनता और साझा क्षेत्र की समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है'। यहां बता दें कि श्रीलंका की प्रधानमंत्री बीते गुरुवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा (16 से 18 अक्टूबर तक) पर हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभालने के बाद की गई ये उनकी पहली भारत यात्रा है।*



## खबर संक्षेप

### खिलौना बंदूक दिखाकर बुजुर्ग महिला को लूटने वाले पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के रंजीत नगर इलाके में एक बुजुर्ग महिला के घर में खिलौने वाली बंदूक दिखाकर लूटपाट करने के आरोप में एक नौकरानी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में दो कथित लुटेरे मोनू उर्फ विकास राठी और अक्षय तथा नौकरानी का रिश्तेदार कैलाश उर्फ गंजू शामिल हैं। कैलाश ने नौकरानी से कहा था कि उसे पैसों की जरूरत है, जिसके बाद दोनों ने मिलकर लूट की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार पांच अक्टूबर को घर की मालकिन, उनकी नौकरानी और एक अन्य महिला घर में मौजूद थी। इसी दौरान दरवाजा खुला देखकर लुटेरे अंदर घुस गए। उन्होंने खिलौने वाली बंदूक दिखाकर तीनों महिलाओं को बाथरूम में बंद कर दिया और पांच लाख रुपये लेकर फरार हो गए। मोनू और अक्षय पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट, शस्त्र अधिनियम और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं।

### वसंत कुंज में थार की टक्कर से किशोर की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में तेज रफ्तार थार की टक्कर से 13 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। मामला 15 अक्टूबर को सामने आया था। आरोपी चालक दो दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार बुधवार को पीसीआर को वसंत कुंज स्थित एक पेट्रोल पंप के पास एक सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक किशोर सड़क पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। उसके पास ही एक क्षतिग्रस्त साइकिल थी। उसे तत्काल पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वसंत कुंज के दलित एकता पार्क का रहने वाला था। टक्कर के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। अपराध टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 (तेज गति से वाहन चलाना) और धारा 106 (1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि फरार चालक का पता लगाने और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। वाहन की पहचान करने तथा घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### शास्त्री पार्क में एक व्यक्ति मृत मिला, एक अन्य घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में 25 वर्षीय एक व्यक्ति मृत पाया गया, जबकि एक अन्य घायल है। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को सूचना मिली थी कि शास्त्री पार्क चौक के पास सर्विस रोड पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उमाम उर्फ उभाम (25) के रूप में हुई है, जो कैलाश नगर का निवासी था। कुछ ही समय बाद पुलिस को उसी इलाके की फल मंडी के पास एक अन्य व्यक्ति के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। घायल की पहचान नदीम (27) के रूप में हुई है। वह भी कैलाश नगर का ही रहने वाला है। उसे भी जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों स्थानों पर अपराध शाखा और फोरेंसिक टीमों ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनाओं से जुड़े लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। दोनों घटनाओं के क्रम की जांच की जा रही है।

### हजारों उपभोक्ताओं ने 9 करोड़ 17 लाख से अधिक की छूट का लिया लाभ

# दिल्ली सरकार की जल बिल माफी योजना के तहत अब तक 6 करोड़ 56 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना को जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। योजना शुरू होने के बाद से अब तक दिल्ली जल बोर्ड ने लगभग 6.56 करोड़ रुपए की वसूली की है, जबकि 3 हजार 635 उपभोक्ताओं ने 9.17 करोड़ रुपए से अधिक की छूट का लाभ उठाया है। गौरतलब है कि जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पुराने बिलों का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन पर लगे लेट पेमेंट सरचार्ज से राहत देना है। योजना को मिले व्यापक समर्थन ने यह साबित किया है कि जब शासन पारदर्शी और जनहितकारी होता है, तो नागरिक भी जिम्मेदारी के साथ सहयोग करते हैं। मंत्री वर्मा ने कहा कि जनता की यह भागीदारी दिल्लीवासियों की बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक है। माफी योजना का मकसद उपभोक्ताओं को भारी जुर्माने के बोझ से राहत देना था। हजारों लोगों ने अपना बकाया पानी का बिल चुकाकर यह दिखाया है कि पारदर्शी और जन केंद्रित शासन पर जनता भरोसा करती है और उसका साथ देती है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जो राजस्व प्राप्त हो रहा है, उसे सीधे दिल्ली की जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने, पाइपलाइनों की मरम्मत और जल वितरण में सुधार के लिए उपयोग किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली की हर बस्ती तक पानी की हर बूंद जिम्मेदारी से पहुंचे। उल्लेखनीय है कि माफी योजना के तहत उपभोक्ताओं को अपने पुराने जल बिल चुकाने पर लेट पेमेंट सरचार्ज में चरणबद्ध छूट दी जा रही है। यह योजना विशेष रूप से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बनाई गई है जिन्होंने वर्षों से बिल लंबित रखे थे। सरकार ने भुगतान प्रक्रिया को ऑनलाइन और जोनल कार्यालयों दोनों के माध्यम से आसान बनाकर आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित की है।

#### अधिकतर उपभोक्ता कर रहे हैं डिजिटल भुगतान

अधिकारियों के अनुसार, डिजिटल भुगतान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि दिल्ली जल बोर्ड की पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बिलिंग प्रणाली को जनता ने अपनाया है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए विशेष टीमें भी नियुक्त की गई हैं।

#### पारदर्शिता के लिए की जा रही है वसूली प्रक्रिया की रियल-टाइम मॉनिटरिंग

जल विभाग ने बताया कि वसूली की पूरी प्रक्रिया रियल-टाइम मॉनिटरिंग के तहत की जा रही है ताकि पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे। प्राप्त धनराशि को जल वितरण लाइनों के रखरखाव, ट्रीटमेंट प्लांट्स के विस्तार और पुरानी पाइपलाइनों के प्रतिस्थापन जैसे कार्यों में लगाया जाएगा। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह पहल सिर्फ राजस्व जुटाने का माध्यम नहीं है, बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे और जवाबदेही की संस्कृति को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है। हर रुपये का उपयोग दिल्ली की जल व्यवस्था को बेहतर बनाने में किया जाएगा।

### छात्र ने परीक्षा से बचने के लिए भेजा था ईमेल

# स्कूल में बम की धमकी वाला ई-मेल निकला फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के एक निजी स्कूल को भेजा गया बम की धमकी वाला ई-मेल फर्जी निकला। पुलिस का कहना है कि परीक्षा से बचने के लिए एक छात्र ने ही ईमेल भेजा था।

पुलिस के अनुसार पश्चिम विहार पूर्व पुलिस थाने को बृहस्पतिवार को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल में विशाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्हें एक ई-मेल मिला है, जिसमें परिसर में बम होने का दावा किया गया है। पुलिस की कई टीमें स्कूल पहुंची और बम धमकी संबधी प्रोटोकॉल लागू किए गए। भवन को खाली कराया गया और बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ता और अग्निशमन दल की टीमों को जांच के लिए बुलाया गया। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर धमकी को फर्जी घोषित किया गया। मामला दर्ज किया गया और जांच के दौरान साइबर टीम ने फर्जी ई-मेल को भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास किया। जांच के दौरान एक नाबालिग छात्र का पता लगाया गया। नाबालिग को पकड़ पूछताछ की गई। उसने स्वीकार किया कि उसने धमकी भरा ई-मेल इसलिए भेजा था, क्योंकि वह परीक्षा से डर रहा था और चाहता था कि स्कूल अवकाश घोषित हो जाये।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

खुली ई–निविदा सूचना सं०. आर डब्ल्यू पी/भंडार/वर्क्स/एडीबीटी/2025–26/08, दिनांक:15.10.2025 निविदा खुलने की तिथि: 14.11.2025 Tender No. S_RWP_TPT_CASNUB_2025-26_01A Due on 14.11.2025. प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना, बेला भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से स्क्रैप की ढुलाई हेतु ऑनलाइन "ई–खुली निविदा" भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस) www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित करते है:– (1) **कार्य का नाम, स्थान मात्रा एवं समापन की अवधि:** भारतीय रेल के विभिन्न डिपो/कार्यशालाओं/आदि स्थानों से रेल व्हील प्लांट बेला, सारण, बिहार–841221 तक 0–500 किमी की दूरी स्लैब के अंतर्गत, 2500 नग. (5000 मीट्रिक टन) की मात्रा वाले कंडम कैसनब बोगियों का संग्रहण, कटिंग, लोडिंग और परिवहन जिसकी औसत लीड दूरी 250 किमी होगी। नोट: कंडम कैसनब बोगियों की परिवहन से पहले साइड फ्रेम और बोल्स्टर को दो बार काटकर अलग की जाएगी समापन अवधि: एल.ओ.ए. के निर्गत तिथि से 12 माह (2) **अनुमानित लागत:** रू. 87,37,500.00 (3) **ब्याना (ई एम डी) की राशि:** रू. 1,74,800/- (4) **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 14.11.2025 up to 14:15 hrs. (5) **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरणी देखी जा सकती है:** निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक बेवसाईट अर्थात www.ireps.gov.in. का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (www.ireps.gov.in) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेपका/बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2025–26/68

# 70 से अधिक मामलों में शामिल बदमाश साथी संग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में सिलसिलेवार लूटपाट के मामलों की जांच के दौरान पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक 70 से अधिक मामलों से जुड़ा हुआ है। आरोपियों के नाम कामरान और समीर बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को करोल बाग इलाके में उनकी गतिविधियों के बारे में मिली गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने माता सुंदरी कॉलेज के पास जाल बिछाया था। इसी दौरानर भजनपुरा निवासी आरोपी समीर उर्फ कामरान और करावल नगर निवासी समीर को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि दोनों के पास एक महिला का पर्स था, जिससे उन पर शक हुआ। पूछताछ करने पर उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि कामरान एक आदतन अपराधी है और वह छीना झपटी, डकैती और आगजनी सहित 70 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल है। पुलिस ने बताया कि वह जाफराबाद पुलिस थाने में दर्ज एक मामले में भी वांछित था जिसमें कथित तौर पर एक दुकान में आग लगाने और बाद में मालिक से एक करोड़ रुपये की मांग करते हुए पर्चे बांटने का आरोप है। दूसरे आरोपी समीर को कथित तौर पर कामरान ने गिरोह में शामिल किया था। पुलिस के अनुसार वह आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आता है और उसे अपनी बहन की शादी के लिए पैसों की जरूरत थी। कामरान ने कथित तौर पर उसे झपटमारी की गतिविधियों में सहायता करने के लिए दो हजार रुपये प्रतिदिन देने की पेशकश की थी। उसने बताया कि दोनों मोटरसाइकिल पर झपटमारी की वारदातों को अंजाम देते थे। वे गाड़ी की नंबर प्लेट छिपाते थे और पहचान छिपाने के लिए हमेशा हेलमेट पहनते थे। इनके खिलाफ आईपी एस्टेट थाने में भी मामला दर्ज था। पुलिस ने बताया कि उनके कब्जे से हैंडबैग और मोबाइल फोन सहित कई चोरी की वस्तुएं बरामद की गई हैं। इनके अन्य साथियों और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## नामी ब्रांड के डुप्लीकेट टूथपेस्ट बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने जाने माने ब्रांड के डुप्लीकेट टूथपेस्ट बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। एआरएससी टीम ने कोलगेट और क्लोज-अप की लगभग 18,300 डुप्लीकेट भरी हुई ट्यूब, 150 किलो पेस्ट, पैकेजिंग सामग्री और ट्यूब फीलिंग व सीलिंग (टीएफएस) मशीन जब्त की है। इसके अलावा लगभग 11,000 खाली कोलगेट और क्लोज-अप ट्यूबें भी बरामद की गई। दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार 16 अक्टूबर को इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी और रॉबिन त्यागी के नेतृत्व में एआरएससी, क्राइम ब्रांच की एक टीम ने एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है जहां कोलगेट और क्लोज-अप ब्रांड्स के नकली टूथपेस्ट बनाए जा रहे थे। इसकी सूचना हेड कांस्टेबल अनुज सिरोही को मिली थी। शास्त्री पार्क क्षेत्र में छापा मारा गया और मुहीमुद्दीन और फैजान नाम के दो लोगों को अरेस्ट किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे बेरोजगार थे, इसलिए आसानी से पैसा कमाने के लिए उन्होंने कोलगेट और क्लोज अप जैसे जाने-माने ब्रांडों के डुप्लीकेट टूथपेस्ट बनाना शुरू कर दिया। उक्त जगह किराए पर ली गई थी। आरोपियों ने आगे बताया कि वसीम पठान निवासी आजाद मार्केट उन्हें कच्चा माल सप्लाई करता था। माल तैयार कर वे उसे वापस वसीम के पास ही भेज देते थे। आरोपी मुहीमुद्दीन की पहले कोई संलिप्तता नहीं है, जबकि आरोपी फैजान पहले थाना कोतवाली और बाड़ा हिंदू राव में डकैती और आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है।

**GURUGRAM GLOBAL COLLEGE OF PHARMACY**
5 KM MILESTONE, KHEDA KHURAMPUR, FARRUKHNAGAR, GURUGRAM-122506
Website: www.ggcp.co.in Email: ggcpgurugram@gmail.com Tel. 8053980002
(Approved by PCI, Affiliated to Pt.B.D.Sharma Uni. of Health Sc., Rohtak & HSBTE)

**Admission to EWS Category & TFW Category**

Applications are invited from the eligible candidates for admission against vacant seats in B.Pharmacy under **Economically Weaker Section (EWS) and Tuition Fees Waiver (TFW)** categories for the year 2025-26 as per PCI/HSTES/University guidelines.

Admission under above mentioned categories will be made strictly on the merit basis. Application form to fill the seats for above categories is available on the College website.

Last date for the submission of filled application with all required documents in the Institute is 27th October, 2025 till 1:00 PM. Merit list will be displayed on 27th October, 2025 till 5:00 PM. Admission Counseling will be on 28th October, 2025 in the College campus from 10 AM onwards.

Chairman

## दीवाली पर सड़कों से डीटीसी बसें गायब, महिलाओं को फ्री यात्रा पर ठग रही सरकारः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



त्योहारी सीजन के समय डीटसी बसों की कमी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेअ अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार को घेरा है। यादव ने कहा कि त्यौहारों के इस सीजन में और खासकर दिवाली और छठ पूजा पर्व के समय डीटीसी बसों की भारी कमी से जनता बुरी तरह जुझ रही है। उन्होंने कहा कि इन दिनों लोगों को डीटीसी बसों की सबसे ज्यादा जरुरत होती है, लेकिन आज उन्हें घंटो इंतजार में खड़ा होना पड़ रहा है। यादव ने आरोप लगाए कि दिल्ली सरकार महिलाओं को मुफ्त यात्रा के नाम पर ठग रही है। आज राजधानी में करीब 11000 हजार डीटीसी बसों की जरुरत है, लेकिन डीटीसी और कलस्टर, दोनों की बसें मिलाने के बावजूद आधी से कम 5000 से भी कम बसें रोड़ पर उतरती है। यह चिंताजनक है कि प्रतिदिन 40 लाख लोग दिल्ली में डीटीसी बसों में सफर करते है, जबकि रोड़ से बसें लगातार कम हो रही है। यादव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से आम आदमी पार्टी और भाजपा सरकार लगातार डीटीसी बसें बढ़ाने का वादा कर रही है लेकिन डीटीसी बेड़े में बसें बढ़ने की बजाय लगातार कम हो रही है। इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर 10 महीनों में डीटीसी की 2287 बसें और 553 कलस्टर बसें कुल मिलाकर 2820 बसें हटी है। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों को बसों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह तो घंटों इंतजार करने के बाद भी बस के दर्शन दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के लिए बसों के नाम पर छोटी देवी बसें देकर सीएम उपलब्धि बता रही है। जबकि वर्तमान में डीटीसी की 149 सीएनजी बसें ही सेवा में रह गई हैं। दूसरी तरफ 2,517 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है, जिनमें से 717 बसें 9-मीटर मॉडल और 1,800 बसें 12 मीटर की शामिल हैं। यादव ने कहा कि अगर जल्द नई इलेक्ट्रिक बसें नहीं आई तो दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसकी चेतावनी डीटीसी के पूर्व आला अधिकारी डा० अनिल कुमार चिकारा भी दे चुके है।

## पहली डीडीए टावरिंग हाइट्स परियोजना लांच 155 मीटर और 48 मंजिला इमारत बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी पहली डीडीए टावरिंग हाइट्स योजना को लांच कर दिया है। यह राजधानी को एक नई पहचान देने वाली परियोजना साबित होगी। क्योंकि डीडीए ने दिल्ली की सबसे उंची करीब 155 मीटर और 48 मंजिला इमारत बनाकर तैयार कर दी है। इस बारे में डीडीए ने बताया कि शुक्रवार को लांच की गई इस योजना में पूर्वी दिल्ली हब कड़कड़डूमा में चरण-वन के अंतर्गत डीडीए टावरिंग हाइट्स विशेष प्रीमियम आवास योजना का शुभारंभ कर दिया गया है। यह रेरा अनुमोदित एक नई आवास योजना है और दिल्ली की पहली परिवहन-उन्मुख विकास (टीओडी) परियोजना है। इस परियोजना के लिए पंजीकरण 31 अक्टूबर 2025 से शुरू होगा। यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की अब तक की सबसे ऊँची इमारत होगी, जिसमें 155 मीटर ऊँची 48 मंजिला इमारत होगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिसंबर 2019 में रखी थी। लेकिन इसमें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा, जिनमें तत्कालीन दिल्ली सरकार द्वारा पेड़ों की कटाई की मंजूरियों में अत्यधिक देरी और पानी व सीवरेज सेवाओं के प्रावधान जैसी बाधा शामिल थीं। डीडीए का कहना है कि लेकिन उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के कार्यभार संभालने के कुछ दिनों बाद, जून 2022 की शुरुआत में उनके दौरे के बाद, परियोजना ने अंत में गति पकड़ी और उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप से आवश्यक मंजूरियां प्राप्त की गईं। डीडीए ने बताया कि इस योजना के तहत प्रथम चरण में कुल 1,026 प्रीमियम दो कमरे वाले अपार्टमेंट शामिल किए गए है। आवंटन विधि पूरी तरह से ऑनलाइन पंजीकरण होगी और ई-नीलामी की जाएगी। इसके लिए ब्रोशर 25 अक्टूबर 2025 से डीडीए की अधिकृत वेबसाइट पर मौजूद है। जबकि साइट विज़िट भी 25 अक्टूबर से किया जा सकता है। वहीं पंजीकरण और ईएमडी जमा 31 अक्टूबर से 21 नवंबर 202 तक होगी व 24 नवंबर 2025 शाम 6 बजे अंतिम समय होगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश गुप्ता, पुत्रः राम भोसे गुप्ता, निवासी: ए–75 वेस्ट विनोद नगर, केशव मार्ग, शकरपुर, दिल्ली** ने **FIR No.: 162/2020, U/s:323/34 IPC, पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **उमेश गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **उमेश गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली** के अभियुक्त **उमेश गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
जेएमएफसी–03, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, कमरा नंबर 150,
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली
DP/14051/CD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नाज़िम खान** पुत्र छोटे खान, निवासी- मकान नंबर 9/4412-डी, गली नंबर-07 अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 605/2023 धारा 380/411 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नाज़िम खान** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **नाज़िम खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **नाज़िम खान, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 605/2023 धारा 380/411 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/13298/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप कुमार गुप्ता, पुत्रः राजेंद्र प्रसाद, निवासी: बी–1/30, सेक्टर–11, जापानी पार्क के पास, रोहिणी दिल्ली और निवासी: एफ–1/65, सेक्टर–11, रोहिणी दिल्ली** ने **FIR No.: 14619/17, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया हैं) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप कुमार गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप कुमार गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **संदीप कुमार गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 09.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03, उत्तर पश्चिम,
प्रथम तल, कमरा संख्या 107,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/13826/RD/2025

### अर्धनग्न अवस्था में काली पट्टी बांधकर निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

# दिल्ली नगर निगम एमटीएस कर्मियों की दीपावली हुई काली : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



हमें उम्मीद थी कि दिल्ली के महापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष, नेता सदन और निगम आयुक्त दीपावली से पहले जन स्वास्थ्य विभाग के डीबीसी/सीएफडब्ल्यु (एमटीएस) कर्मियों को पक्का करने, समान वेतन जैसी प्रमुख मांगों को पूरा करते हुए उनके घरों में दिए जलाएंगे की घोषणा शुक्रवार को तो कर ही देंगे, मगर हुआ इसके उलट, निगम के 5000 से अधिक परिवारों के घरों में दीपावली पर भी अंधेरा कर दिया गया। यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा ने महापौर, आयुक्त और दिल्ली सरकार से अपील की है कि दीपावली से पहले कर्मियों की मांगों पर त्वरित निर्णय लिया जाए, ताकि हजारों परिवारों के घरों में फिर से रोशनी लौट सके। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को हड़ताल स्थल पर अर्धनग्न अवस्था में और काली पट्टी बांधकर दिल्ली सरकार, निगम शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बता दें कि निगम के इन एमटीएस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को 19वें दिन भी जारी रही। कर्मियों ने निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के गेट नंबर 5 पर धरना जारी रखते हुए निगम प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया।

#### मौखिक और लिखित पत्राचार के बाद भी नहीं सुनवाई

एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन (रजि.) ने कहा कि वर्षों से कर्मचारी अपने अधिकारों को लेकर प्रशासन से मौखिक और लिखित पत्राचार करते आ रहे हैं, परंतु आज तक न तो महापौर और न ही निगम आयुक्त ने कर्मियों और अधिकारियों को एक साथ बैठकर सच्चाई सामने रखने की कोशिश की। इससे कर्मियों के अधिकारों का लगातार हनन होता रहा है।

#### अपनी मांगों पर अडिग हैं एमटीएस कर्मी

यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा ने संबोधित करते हुए साफ कहा कि वे निराश नहीं हैं, बल्कि दिन प्रतिदिन अब उनका हौसला और मजबूत हो रहा है। निगम नेताओं और प्रशासन पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का 30 वर्षों का जीवन बर्बाद कर दिया गया, लेकिन अब हम अपना हक लेकर रहेंगे।

#### महापौर के वादे पर सवाल, दीपावली से पहले निराशा छाई

हड़ताली एमटीएस कर्मियों ने बताया कि 14 अक्टूबर को महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सदन में वादा किया था कि दीपावली से पहले एमटीएस कर्मियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और इसके लिए एक कमेटी बनाकर 24 घंटे में फैसला लेने की बात कही गई थी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय न होने से कर्मियों में गहरा आक्रोश है।

नई दिल्ली
शनिवार, 18 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 185
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम अधि. 30 न्यून. 21

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं




केंद्रीय गृहमंत्री ने सारण में भाजपा के चुनाव अभियान का आगाज करते हुए राजद पर निशाना साधा

## बिहार के लोगों को इस साल चार दिवाली मनाने का मौका मिलेगा: अमित शाह



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के लोगों को इस साल चार दिवाली मनाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार बिहार के लोगों को चार दिवाली मनाने का मौका मिला है। पहली दिवाली भगवान राम के अयोध्या लौटने के अवसर पर है। दूसरी दिवाली अभी-अभी समाप्त हुई है। नीतीश जी और मोदी जी ने बिहार की महिलाओं को 10,000 रुपये दिए हैं। तीसरी दिवाली 395 उत्पादों पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत और 0 प्रतिशत कर दिया है। चौथी दिवाली तब मनाई जाएगी जब एनडीए सबसे बड़े बहुमत के साथ आएगा और लालू, राहुल और उनकी कंपनी का सफाया कर देगा। शाह ने शुक्रवार को सारण ज़िले में भाजपा का चुनावी अभियान शुरू करते हुए ये बातें कही।

### नीतीश ने 'जंगलराज' से बिहार को मुक्त कराया

*अमित शाह ने नीतीश कुमार को 'जंगलराज' से बिहार को मुक्त कराने का श्रेय दिया गया। शाह ने पीएम मोदी के 11 साल के विकास कार्यों को भी रेखांकित करते हुए एनडीए की आगामी जीत को 'चौथी दिवाली' बताया। उन्होंने तरैया के निवर्तमान विधायक जनक सिंह और अमनौर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार कृष्ण कुमार मंटू के लिए प्रचार किया। तरैया में रैली को संबोधित करते हुए, अमित शाह ने बिहार के युवाओं को पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के जंगल राज की याद दिलाई और बताया कि कैसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 सालों में इससे मुक्ति पाई है।*

### आतंकियों को घर में घुसकर मारा

*ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बोलते हुए, अमित शाह ने कहा, लालू प्रसाद और कांग्रेस के शासनकाल में आतंकवादी 'खून की होली' खेलते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मार गिराया।*

### पीएम के 11 साल गरीबों के लिए वरदान

*शाह ने कहा कि जब आप सारण से प्रचार शुरू करते हैं, तो हमें सिर्फ़ जीत ही दिखाई देती है। बिहार के युवाओं को लालू-राबड़ी के उस जंगल राज की याद दिलाने और उसके ख़िलाफ़ लड़ने का संकल्प दिलाने के लिए छपरा, सारण से बेहतर कोई जगह नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को जंगल राज से मुक्त कराया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 सालों में बिहार के विकास के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल गरीबों के लिए वरदान साबित हुए हैं।*

एचएएल के नासिक संयंत्र में हुआ समारोह- बोले राजनाथ, रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का उज्जवल प्रतीक है तेजस लड़ाकू विमान

रक्षा मंत्री ने दिखाई संयंत्र में तैयार किए गए पहले एलसीए मार्क-1ए विमान को हरी-झंडी

## रक्षा मंत्री ने किया एलसीए मार्क-1ए की तीसरी उत्पादन लाइन का शुभारंभ



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का फन कुचलने में मिली भारी कामयाबी के बाद शुक्रवार को भारत में महाराष्ट्र के नासिक में हल्के लड़ाकू विमान तेजस-मार्क-1ए (एलसीए) की तीसरी और एचटीटी-40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन की शुरुआत की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोनों उत्पादन सुविधाओं का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने इस संयंत्र में निर्मित पहले एलसीए मार्क-1ए विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि तेजस विमान भारत की रक्षा क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता का एक उज्जवल प्रतीक है। ये दोनों उत्पादन लाइनें केंद्र सरकार, उद्योग और अकादमिक जगत के सशक्त तालमेल का प्रमाण हैं। जो दिखाता है कि अगर मिलकर सामना किया जाए तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं है। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा मंत्री के संबोधन को मीडिया से साझा किया। ▸▸ शेष पेज 8 पर

### नई दौड़ के लिए तैयार रहना जरूरी

*रक्षा मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर युद्ध, ड्रोन सिस्टम और अगली पीढ़ी के विमान भविष्य के संघर्ष की दिशा तय कर रहे हैं, युद्ध अब कई सीमाओं पर लड़े जा रहे हैं। भारत को भी इस नई दौड़ में हमेशा आगे रहना चाहिए। उन्होंने एचएएल को अगली पीढ़ी के विमान, मानव रहित प्रणालियों और नागरिक उड्डयन में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कंपनी अपनी सीमाओं को केवल एलसीए तेजस या एचटीटी-40 तक ही सीमित न करे। बल्कि इनसे भी आगे जाए। राजनाथ ने अत्याधुनिक व स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही इस दिशा में एचएएल की भूमिका की सराहना करते हुए उसे देश के रक्षा क्षेत्र का मेरुदंड बताया। हालिया समय में वायुसेना से सेवामुक्त हुए मिग-21 लड़ाकू विमान के परिचालन में सहायता करने, ऑपरेशन सिंदूर में इसके बहुमूल्य योगदान के लिए एचएएल की प्रशंसा भी की।*

### यूं बढ़ाया रक्षा उत्पादन

*राजनाथ सिंह के मुताबिक, 2014 में भाजपा के सत्ता में आने पर ये स्पष्ट हुआ कि आत्मनिर्भरता के बिना देश पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हो सकता है। शुरुआत में हालांकि हमने कई चुनौतियों का सामना किया। सीमित रक्षा तैयारी, आयात पर निर्भरता इनमें सबसे बड़ी थीं। उस दौर में रक्षा उत्पादन लगभग पूरी तरह सरकारी उद्यमों तक सीमित था। जबकि निजी क्षेत्र की भागीदारी नगण्य थी। रक्षा नियोजन, उन्नत तकनीक व नवाचार की अनदेखी की गई। जिसकी वजह से जरूरी उपकरण और अत्याधुनिक प्रणालियों के लिए हमें अन्य देशों पर निर्भर रहना पड़ा। नतीजा ये हुआ कि लागत बढ़ी व रणनीतिक कमजोरियां उत्पन्न हुईं। चुनौती ऐसी थी कि उसने हमें नई सोच, सुधारों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। लेकिन परिणाम हमारे सामने हैं। जो कुछ भी हम पहले विदेश से खरीदते थे। आज देश में ही उसका निर्माण कर रहे हैं।*

बिहार में सीएम डॉ. यादव की धुआंधार सभाएं

## दुनिया में भारत के 'मान-सम्मान' के लिए एनडीए की सरकार बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। आज के समय के हिसाब से भारत को दुनिया में मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ाने के लिए एनडीए की सरकार जरूरी है। बिहार में विकास की इबारत लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनना निश्चित है, क्योंकि भाजपा सबका साथ-सबका विकास सिर्फ बोलती नहीं है, करके दिखाती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा और एनडीए को रिकॉर्ड मतों से जिताने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव में कुम्हरार विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी संजय गुप्ता एवं विक्रम विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ का नामांकन पत्र जमा कराया। उन्होंने कुम्हरार विधानसभा के कदमकुआं एवं विक्रम विधानसभा के पार्वती विद्यालय के मैदान में जनसभाओं को संबोधित किया। उनके जनसभाओं में स्थानीय मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 30-35 साल पहले से पटना को देख रहा हूं, लेकिन आज का पटना बिल्कुल ▸▸ शेष पेज 8 पर




## लेह हिंसा मामले में चार मौतों की न्यायिक जांच, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज होंगे प्रमुख



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लेह शहर में 24 सितम्बर को हुई गंभीर कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस कार्रवाई में चार लोगों की मौत के मामले की जांच अब सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश से कराई जाएगी। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है। गृह मंत्रालय के अनुसार, 24 सितम्बर को लेह में हुए उपद्रव के दौरान पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी, जिसमें दुर्भाग्यवश चार व्यक्तियों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर लेह थाना में प्राथमिकी (एफआईआर संख्या 144/2025) दर्ज की गई है। इस एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराएँ लगाई गई हैं, जिनमें धारा 189, 190, 191(2), 191(3), 115(2), 118(1), 118(2), 326, 324, 326(e), 326(t), 326(g), 309, 109, 117(2), 125, 121(1), 61(2) आदि शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश डॉ. न्यायमूर्ति बी. एस. चौहान को न्यायिक जांच का जिम्मा सौंपा गया है। उनके साथ जांच में दो अन्य अधिकारी भी सहयोग करेंगे। मोहन सिंह परिहार, पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिन्हें न्यायिक सचिव नियुक्त किया गया है। तुषार आनंद, आईएएस, जिन्हें प्रशासनिक सचिव की भूमिका दी गई है। गृह ▸▸ शेष पेज 8 पर



**खबर संक्षेप**

## चोरी के मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 56 व एनआईटी की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 2 मोटरसाईकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए हर्ष निवासी पल्ला फरीदाबाद से चोरी की 1 मोटरसाइकिल बरामद की गई है व अपराध शाखा एनआईटी ने आबिद निवासी नगीना मेवात को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

## दुष्प्रेरण के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में क्राईम ब्रांच सैक्टर-48 की टीम ने सासू, साली व पत्नी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीते 3 अक्टूबर की सुबह गांव नेकपुर वासी एक व्यक्ति ने अपने 3 बच्चों का गला घोट दिया तथा खुद आत्महत्या कर ली, जिस संबंध में आरोप लगाया गया कि मृतक कर्मवीर को रिश्तेदारों द्वारा प्रताड़ित किया गया।

## तीन लाख रुपए की ठगी, एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने के एक मामले में खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में चावला कॉलोनी फरीदाबाद निवासी ने अपनी दी शिकायत में बताया कि उसके पास व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब के लिए सम्पर्क किया। जिसमें उसको गूगल पर होटल को रिव्यु करने को कहा गया।





**मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना**

# पेड़ लगाना प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और हरित भविष्य की जिम्मेदारी: मंत्री कृष्णाकांत गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फरीदाबाद में सघन वन कार्यक्रम आयोजित, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया पौधारोपण

हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज सेक्टर-59 फरीदाबाद स्थित नेशनल हाईवे की ग्रीन बेल्ट पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सघन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्वयं पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर बल दिया। उनके साथ बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने भी पौधारोपण करते हुए अभियान में सहभागिता दर्ज कराई। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष मानव जीवन की आधारशिला हैं, जो हमें शुद्ध वायु, स्वच्छ जल और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं।

**पर्यावरण के निर्माण का संकल्प लिया**

उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक कार्य नहीं बल्कि प्रकृति और धरती मां के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार या किसी संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार अपने आसपास एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाले समय में हमारा समाज और अधिक हरा.भरा एवं स्वच्छ बनेगा। गुर्जर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पौधारोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी इस दिशा में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव ही हमारे जीवन को स्वस्थ, संतुलित और दीर्घकालिक बनाता है और यही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। इस अवसर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक अनुपमा अंजलि, एस्टेट ऑफिसर नवीन कुमार, एसई संदीप दहिया, विभागीय अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण करते हुए स्वच्छ, हरित और सतत पर्यावरण के निर्माण का संकल्प लिया।

### सीएम विंडो, सरल पोर्टल और परिवार पहचान पत्र ने बदली शासन की पारदर्शिता की तस्वीर

# सुशासन की नई पहचान, बिना पर्ची, बिना खर्ची बना तीसरी बार भाजपा सरकार की जीत का मंत्र: मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

### हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में फरीदाबाद में जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास समारोह का हुआ भव्य आयोजन, समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त सिंह ने की

हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन में जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह ने की। जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास समारोह की शुरुआत मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत लाभार्थियों को 50-100 वर्ग गज के प्लॉट आवंटन पत्र वितरित करके की गई।

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद के सावित्री और अमी चंद को व्यक्तिगत रूप से प्लॉट आवंटन पत्र सौंपे। इस अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का शुभ संदेश भी वर्चुअल रूप से सुना गया।

उपस्थित जनसमूह ने हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फिल्म और गीत का प्रदर्शन देखा, जिसमें राज्य में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं और सार्वजनिक हित के निर्णयों की झलक प्रस्तुत की गई। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आज प्रदेशभर में लगभग 9000 पात्र लाभार्थियों को 50-100 गज के प्लॉट आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की एक विशेष पहल है, जिसके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध करवाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

**खास बातें**

- हरियाणा बना देश का पहला कैरोसिन फ्री स्टेट
- हर घर तक बिजली, गैस और पानी की सुविधा उपलब्ध




**भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले को बख्शा नहीं जाएगा**

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार आज देश के सामने बड़ी चुनौती है और मोदी सरकार ने इस पर निर्णायक प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हाल के घटनाक्रमों को राजनीतिक या जातिगत रंग देने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है कि सभी समस्याओं की जड़ भ्रष्टाचार है। इस पर चोट करना केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का स्पष्ट संकल्प है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शन नीति पहले भी लागू की गई थी और आगे भी सख्ती से जारी रहेगी। कोई भी व्यक्ति, चाहे कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, यदि भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, सभी को न्याय मिलेगा। सरकार ने पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए अनेक सुधार लागू किए हैं। ऑनलाइन ट्रांसफर प्रणाली, सभी सेवाओं को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ईमानदार प्रशासन पारदर्शी व्यवस्था और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही हैं। सभी नागरिकों से अपील की कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि हरियाणा सुशासन और ईमानदारी का आदर्श राज्य बन सके। पूर्व कैबिनेट मंत्री और बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी विधायक सतीश फागना, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, सीएम के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, नगर निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और बल्लभगढ़ से भाजपा अध्यक्ष सोहन पाल छोकर सहित जिला के तमाम आलाधिकारी भी सभागार में मौजूद रहे।

**केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल मैट्रो से पहुंचे फरीदाबाद**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सरकार के 1 साल पूरा होने पर जन विश्वास जन विकास कार्यक्रम में दिल्ली से मेट्रो में सफर किया। सफर के दौरान लोगों केन्द्रीय मंत्री के साथ सेल्फी ली तथा मैट्रो के शानदार सफर के बारे में बताया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल ने लोगों से चर्चा भी की।

### गाजियाबाद व हापुड़ में केवल ग्रीन पटाखे ही चल सकेंगे

## एनसीआर के बाहरे, ई-कामर्स नेटवर्क से एवं लड़ी वाले पटाखों का निर्माण, क्रय विक्रय बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

एनसीआर में केवल ग्रीन पटाखों का ही निर्माण, क्रय-विक्रय एवं निर्धारित समयसीमा में ही उपयोग किये जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद गाजियाबाद जिला प्रशासन ने एनसीआर के बाहर से, ई-कामर्स नेटवर्क के माध्यम से एवं लड़ी वाले पटाखों का निर्माण व क्रय विक्रय प्रतिबंधित कर दिया है। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय आदेश के अनुपालन में एनसीआर के जनपदों में केवल ग्रीन पटाखों का ही निर्माण, क्रय-विक्रय एवं निर्धारित समयसीमा में ही उपयोग अनुमन्य किया गया है। जनपद गाजियाबाद एवं हापुड़ में आम जनमानस एवं निर्माणकर्ता, विक्रेताओं आदि अन्य समस्त संबंधित से अपेक्षित है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित अनुमति प्राप्त स्थल से ही ग्रीन पटाखों का क्रय-विक्रय किया जाएगा। विक्रय एनईईआरआई से रजिस्टर्ड एवं पीईएसओ से लाइसेंस प्राप्त विक्रेता ही करेंगे। एनसीआर के बाहर से पटाखों को लाकर विक्रय करना एवं उपयोग किया जाना प्रतिबंधित है।

## ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने के मामले में साईबर थाना सैन्ट्रल ने मुख्य आरोपी को काबू किया है। आदर्श नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास 31 अगस्त को कथित क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट के कर्मचारी का फोन आया। जिसने बताया कि शिकायतकर्ता के कार्ड पर ऑफर है और उसके कार्ड की लिमिट बढ़ा दी जाएगी। इस प्रकार कथित कर्मचारी ने बातों में फंसा कर उसके कार्ड की जानकारी ले ली। जिसके बाद खाता से कुल 64,240 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुभम सिंह निवासी गाव जवां सिकंदरपुर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल छपरौली ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि शुभम सिंह पहले नोएडा सेक्टर-15 स्थित कॉल सेंटर में काम करता था।

**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)**
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

**विज्ञापन संख्या-03/2025**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में एक एसोसिएट प्रोफेसर (सर्वदर्शन), एक सहायक प्रोफेसर (शिक्षा), एक सहायक प्रोफेसर (धर्मशास्त्र) एवं पुस्तकालयाध्यक्ष पद की भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाईन माध्यम द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों से संबंधित योग्यता मानदंड, आवेदन शुल्क, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तथा भर्ती के अन्य विस्तृत नियमों एवं शर्तों आदि को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.slbsrsv.ac.in तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पोर्टल (https://curec.samarth.ac.in/index.php/search/site/index) पर अपलोड किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17.11.2025 हैं ।

हस्ता/-कुलसचिव (प्रभारी)
CBC 21371/12/0010/2526

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोहम्मद आलम** पुत्र श्री मोहम्मद सनीर, निवासी- आरजेड-53 चंदन कॉलोनी सईदुलजाब, नई दिल्ली और ग्राम किशन गंज, थाना छपरा, बिहार ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 479/2020 धारा 392/411/34 भा.द.स, थाना तिगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आलम** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आलम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आलम, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 479/2020 धारा 392/411/34 भा.द.स, थाना तिगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री चतिंदर सिंह**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण जिला, कमरा संख्या 211
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

**DP/14068/SD/2025**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **महावीर पाण्डेय पुत्रः** राम सकल पांडे **पताः** आर–69, खसरा नंबर 1015 / 75, खिड़की एक्सटेंशन, आर ब्लॉक, मालवीय नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 291/23, U/s 279/337/304A IPC थानाः ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महावीर पाण्डेय,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महावीर पाण्डेय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 291/23, U/s 279/337/304A IPC थानाः ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **महावीर पाण्डेय,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
जेएमएफसी–04, कमरा नंबर 10
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/14085/SD/2025**
**(Court Matter)**

### बिजनेस में निवेश कर पैसे कमाने का लालच देकर की गई थी 4 लाख रुपए की ठगी

# खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार साइबर थाना एनआईटी की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



बिजनेस में निवेश कर पैसे कमाने का लालच देकर 4,55,000 रुपए की ठगी के मामले में खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-49 वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 25 जनवरी को उसके पास व्हाट्एप पर कॉल आया जिसने यूएसए एफिलिएट मार्केटिंग और डीपीएस प्रोग्राम के बिजनेस में निवेश करने के लिए कहा तथा व्हाट्एप पर जानकारी सांझा की और बिजनेस में निवेश करने के लिए विश्वास में लिया। जिस पर शिकायतकर्ता ने ठगों के बताए खाता में कुल 4,55,000 रुपए निवेश के लिए भेजे। लेकिन कुछ समय बाद ठगों ने उसके कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए दिलीप यादव निवासी सेक्टर-70 नोएडा व आर्यन गुप्ता वासी ग्रेसी गंज छिबरामऊ कन्नौज को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाते थे और जिन्होंने मुन्ना सिंह का खाता लेकर आगे दिया था। आरोपी दिलीप बी ए पास है तथा अपने पिता के साथ दुकान पर काम करता है, वहीं आर्यन 12वीं पास है और नोएडा में प्राईवेट कंपनी में काम करता है। जिनको माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में खाताधारक मुन्ना सिंह सहित दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### आरोपियों को अदालत में पेशकर जेल भेजा

# लड़ाई-झगड़े के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

लड़ाई-झगड़े के मामले के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। अमरपाल निवासी गांव खेड़ी कला फरीदाबाद ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 12 अक्टूबर की रात को जब वह अपने बेटे के साथ दुकान से घर वापिस जा रहा था तो रास्ते में शिवम व उसके साले विशु ने उनकी गाड़ी को रास्ते में रूकवा लिया और उनके साथ लडाई झगड़ा करने लगे जिसके बाद साईड में छिपे हुए कुछ और लड़के आ गए और उनके साथ मारपीट की। शिवम ने उसके बेटे महेश पर किसी नुकीली वस्तु से हमला कर दिया जिससे वह गभींर रूप से घायल हो गया। जिस शिकायत पर थाना में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना बीपीटीपी की टीम ने कार्रवाई करते हुए शिवम निवासी गांव खेड़ी कला फरीदाबाद व विशु डागर निवासी राजीव कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शिवम और शिकायतकर्ता की किसी बात को लेकर पुरानी कहासुनी चल रही थी जिसका सबक सिखाने के लिए शिवम ने अपने साले विशु व अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ितों के साथ मारपीट की।

## लड़ाई झगड़ा करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को पकड़ा

**फरीदाबाद।** लड़ाई झगड़ा करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। अनिल वासी पर्वतीय कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाले विवेक व उसके परिजन उन्हें जातिसूचक शब्द देते है व गाली गलौच करते है। 19 जुलाई को विवेक और उसका भाई भरत व उनके साथी उसके घर पर आये और उनके साथ मारपीट की जिसमें उसको गंभीर चोट आई। पुलिस ने बताया कि पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए रमेश चन्द जोशी व नवीन चंद्र जोशी निवासी गांव मेल्टा जिला अल्मोड़ा उत्तराखंड हाल पर्वतीय कॉलोनी को गिरफ्तार किया है।

### आरोपी को भेजा गया जेल

# भतीजा-भतीजी पर चाकू से हमला करने के मामले में चाचा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



भतीजा-भतीजी पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया। बंटी वासी श्रद्धानन्द बस्ती फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया की 12 अक्टूबर को करीब 8-9 बजे उसका चाचा सतीश उनके घर के बाहर गाली गलौच कर रहा था।

जिसकी आवाज सुनकर वह भी घर आ गया और उसने उसके चाचा को गाली देने से मना किया जब वह नहीं माना तो उसने अपने चाचा को धक्का मार दिया और फिर उसका चाचा घर से चाकू लेकर आया और उसने उसके और उसकी बहन के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से वह और उसकी बहन घायल हो गए। शिकायत पर थाना सूरजकुंड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि ग्रीन फिल्ड चौकी की टीम ने कार्रवाई करते हुए सतीश कुमार निवासी श्रद्धानंद बस्ती फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि सतीश गली में खड़ा होकर गाली गलौच कर रहा था तभी उसका भतीजा बंटी वहां आ गया उसे धक्का देकर गिरा दिया। आवेश में आकर वह घर से चाकू लेकर आया और बंटी पर हमला कर दिया, बीच बचाव के लिए जब उसकी भतीजी आई तो उसने उसको भी चाकू मार दिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## वोट चोरी अभियान को लेकर जनपद गाजियाबाद में कांग्रेस का जन-जागरण कार्यक्रम संपन्न

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जनपदों में "वोट चोरी अभियान" के अंतर्गत हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया था। गाजियाबाद कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व एवं निर्देशन में इस अभियान को बड़े स्तर पर सफलतापूर्वक संचालित किया।

जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि जनपद की समस्त ब्लॉक कार्यकारिणी, नगर पालिका एवं नगर पंचायत इकाइयों को लक्ष्य देकर आम जनता के बीच जन-जागरण और हस्ताक्षर अभियान को गति प्रदान की। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जनता को यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार चुनाव आयोग से मिलीभगत कर लोकतंत्र में वोट चोरी के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

## फरीदाबाद पुलिस का अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 3 आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 व एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में 3 आरोपी गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टा व 1 देसी पिस्टल बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने जतिन निवासी सुर्या विहार पार्ट.2 पल्ला को एतमादपुर पुल फरीदाबाद से 1 देसी कट्टा सहित व क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने लोकेश सोलंकी निवासी बुलंदशहर उत्तर प्रदेश को सेक्टर 17 पुल फरीदाबाद के पास से 1 देसी पिस्टल सहित व अजरुद्दीन निवासी गांव बडखल फरीदाबाद को 1 देसी कट्टा सहित सुरजकुण्ड रोड से गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।




ऑफर सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर पर उपलब्ध है। croma Reliance Digital vijay sales

@philipshomelivingindia @philipshomelivingindia @smartcookingbyphilips www.domesticappliances.philips.co.in

**AVAILABLE AT ELECTRONICS MART ACROSS DELHI NCR -** 7386777584; **DEALERS DELHI:** AHUJA BARTAN STORE- 8650603010; GUPTA ELECTRICALS- 7400100101; SHREE BALAJI ELECTRONICS- 8851761289; MAHINDRA DEPARTMENTAL STORE- 9811328667; NATIONAL CROCKERY EMPORIUM- 9871414143; APPLIANCES INDIA- 9810060257; MAYUR EMPORIUM- 9811358550; LAXMI SUPER MEGAMART PRIVATE LIMITED- 9310219576; HARI OM RETAIL PVT. LTD.- 9811115600; EP ELECTRONIC PARADISE PVT. LTD.- 7669148649; BHUTANI BARTAN STORE- 9212157389; **GURUGRAM:** KAPOOR ELECTRICALS- 9891980826; AMAR JYOTI ELECTRICALS- 9899470052; ELECTRICITY- 9811316003; CITY COLLECTION- 9818713510; AGGARWAL ELECTRONICS- 9958093636; **FARIDABAD:** PRISHA ELECTRONICS- 8287327924; ASHOKA TRADING CO.- 8287040230; GURU KIRPA BARTAN BANDHAR- 9211172233; **GHAZIABAD:** SAURAJ ELECTRICALS- 9811032150; SHRI BALAJI CROCKERY- 9899875620; GLOWFAST ELECTRONICS- 9873635301; **NOIDA:** ANKUR ELECTRICALS- 9213626890; RAHUL ELECTRICALS- 9911170254; C.S. ELECTRIC CO.- 9990375083.




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666; Parkash Honda (Bhangel) - 01204796600; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Hindon Honda (Govind Puram) - 9910110017; Hindon Honda (Gadana) - 9927196125; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

पहली बार ग़ैर भारतीय ने राहुल को भाजपा की शैली में किया विरोध

# अमेरिकी सिंगर मैरी मिल्बेन का राहुल गांधी पर तीखा वार, 'पीएम बनने की आप में नहीं है क्षमता', आप वापस 'आई हेट इंडिया' टूर पर लौट जाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पहली बार सात समंदर पार से तीखा विरोध झेलना पड़ा है। हुआ यूँ की जैसे ही राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से पीएम मोदी डर गए ये पोस्ट किया तो राहुल गांधी के ख़िलाफ़ अमेरिकी सिंगर मैरी मिल्बेन ने राहुल पर अप्रत्याशित रूप से करारा हमला किया।

उन्होंने राहुल गांधी को सलाह दिया की वे "आई हेट इंडिया" के अपने कैंपेन पर वापिस लौट जायें। उसके बाद सोशल मीडिया पर जबानी जंग छिड़ गई है। आमतौर पर राहुल गांधी के किसी पोस्ट पर भाजपा की ओर से जवाब दिया जाता है लेकिन पहली बार है जब ग़ैर भारतीय ने राहुल गांधी को भाजपा की शैली में सार्वजनिक रूप से उधेड़ा है।





### राहुल गांधी का आरोप

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से प्रभावित होकर नीतियां तय करते हैं। राहुल ने दावा किया कि मोदी जी ने ट्रम्प को खुश करने के लिए रूस से तेल खरीदने से इनकार किया। मोदी लगातार ट्रम्प को बधाई संदेश भेजते हैं, जबकि ट्रम्प ने कई बार उन्हें नज़रअंदाज़ किया।'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे मामलों पर भी मोदी ट्रम्प के सामने विरोध दर्ज नहीं कराते। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि क्या भारत की विदेश नीति अमेरिकी दबाव में तय होती है?

### मैरी मिल्बेन का पलटवार

राहुल गांधी की इस पोस्ट को साझा करते हुए अमेरिका की प्रसिद्ध सिंगर और सांस्कृतिक एम्बेसडर मैरी मिल्बेन ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "आप गलत हैं राहुल गांधी। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रम्प से डरते नहीं हैं। मोदी समझते हैं कि लंबी रणनीति क्या होती है और उनकी कूटनीति हमेशा भारत के हित में होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने देश का हित देखते हैं, मोदी जी भी भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेते हैं।" मिल्बेन ने आगे कहा-"राहुल गांधी, आप इस तरह की नेतृत्व क्षमता को नहीं समझ सकते क्योंकि आपके पास प्रधानमंत्री बनने की योग्यता ही नहीं है। बेहतर होगा कि आप वापस अपने ' आई हेट इंडिया टूर' पर लौट जाएं, जिसका दर्शक केवल एक ही व्यक्ति है, और वो आप खुद हैं।" मिल्बेन राहुल गांधी की उस अदा की मुखालिफत कर रही थी जिसके तहत राहुल गांधी भारत से बाहर जाकर ग़ैरों के समक्ष भारत सरकार के कामकाज पर उंगली उठाते हैं।

### ये हैं मिल्बेन

मैरी मिल्बेन पहले भी प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा कर चुकी हैं। 2023 में मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उन्होंने वॉशिंगटन में भारतीय राष्ट्रगान गाया था और पीएम मोदी के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया था। ट्रम्प ने हाल ही में यह दावा किया था कि मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, भारत सरकार ने साफ किया है कि देश की ऊर्जा नीति घरेलू उपभोक्ता और बाजार हित को ध्यान में रखकर तय की जाती है।

## खबर संक्षेप


### पाक आर्मी कैंप पर हमला, 7 की मौत

**वजीरिस्तान।** पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। पाक अधिकारियों ने दावा किया कि उनका कोई सैनिक नहीं मारा गया।



### पूर्व अमेरिकी एनएसए पर 18 मामलों में आरोप तय

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रहे जॉन बोल्टन पर गोपनीय जानकारी के गलत इस्तेमाल और लीक करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। बोल्टन पर राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी शेयर करने के 8 और गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने के 10 आरोप लगाए गए हैं। बोल्टन ने ट्रंप प्रशासन में काम करते वक्त अपनी गतिविधियों के नोट्स और डायरी एंट्रीज एओए ईमेल अकाउंट में सेव की थीं। इन नोट्स में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील बातें शामिल थीं।



## आईबी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए बांग्लादेश

सीमा-पार अपराध और तस्करी रोकने के लिए भारत को फेंस निर्माण में सहयोग करे बांग्लादेश

# त्रिपुरा में तीन बांग्लादेशी तस्करों की मौत के मामले पर भारत की प्रतिक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर त्रिपुरा में हुई तीन बांग्लादेशी तस्करों की मौत के मामले पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह घटना स्पष्ट करती है कि आईबी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए बांग्लादेश को जरूरी कदम उठाने चाहिए। साथ ही सीमा-पार अपराधों और तस्करी को रोकने के लिए जहां कहीं पर भी जरूरी हो वहां सीमा पर बाड़ (फेंस) लगाने में भारत का सहयोग करे।

गौरतलब है कि पूर्व में युवाओं के उग्र आंदोलन के साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज हुई मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के गठन के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तनातनी बनी हुई है।

### गांव वालों के जानवर चुराने आए थे

दरअसल, यह पूरा मामला बीते 15 अक्टूबर का है। जहां त्रिपुरा की सीमा से करीब 3 किलोमीटर अंदर भारतीय भूभाग में तीन बांग्लादेशी तस्करों की मौत हो गई। ये लोग बांग्लादेश की सीमा को पार करके भारत के सीमाई राज्य त्रिपुरा के बिडयालिया गांव के जानवरों को चुराने की कोशिश में थे। जिसमें उन्होंने स्थानीय गांववालों पर लोहे की कटार, चाकू से हमला किया और एक गांव वाले को मार दिया। घटना के दौरान बाकी गांव वाले भी आ गए और उन्होंने भी हमलावरों का काफी विरोध किया। प्रशासन के अधिकारी मौके स्थल पर पहुंचे जहां पहले से ही दो तस्कर मरे हुए पड़े थे। जबकि एक अन्य की अगले दिन अस्पताल में मौत हुई। तीनों मृतकों के शवों को फिलहाल बांग्लादेश को सौंप दिया गया है। जबकि पुलिस ने भी इस पूरे प्रकरण को लेकर एक मामला दर्ज कर लिया है।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल

## यूनुस सरकार के खिलाफ सड़कों पर भारी प्रदर्शन...पुलिस से टकराए प्रदर्शनकारी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश में एक बार फिर राजनीतिक उबाल देखने को मिला है, जहां सालभर बाद जनता सड़कों पर उतर आई है। यह प्रदर्शन अंतरिम सरकार के नए राजनीतिक चार्टर के खिलाफ हैं, जिसका नेतृत्व मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं। पिछले साल शेख हसीना सरकार के विरोध में हुए आंदोलन के बाद अब वही लोग इस चार्टर का विरोध कर रहे हैं। राजधानी ढाका के संसद परिसर के बाहर सैकड़ों लोग जमा हुए और अपनी नाराजगी जाहिर की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले और स्टन ग्रेनेड का प्रयोग किया। जब यह उपाय विफल हुए तो लाठीचार्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नया राजनीतिक चार्टर उनकी मांगों और चिंताओं को ध्यान में नहीं रखता। वे जुलाई चार्टर पर आपत्ति जताते हुए कानूनी सुरक्षा और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो अगस्त 2024 के प्रदर्शनों के दौरान घायल हुए थे। विरोध करने वाले प्रदर्शनकारी संसद भवन के मुख्य द्वार पर चढ़ गए और परिसर में प्रवेश कर गए। वे मंच के सामने जमा होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान उन्होंने दो पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया और अस्थायी कंट्रोल रूम तथा अन्य उपकरणों में आग लगा दी।

### बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती जा रही

बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती जा रही है, जहां अंतरिम सरकार के नए चार्टर ने जनता के बीच गहरा असंतोष पैदा कर दिया है। प्रदर्शनकारियों और सरकार के बीच हुई हिंसक झड़पें इस असंतोष का सबूत हैं। राजनीतिक दलों के बीच तालमेल की कमी और प्रमुख विपक्षी पार्टी का बहिष्कार इस स्थिति को और जटिल बना रहा है। देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती और शांति बनाए रखने के लिए सभी पक्षों के बीच संवाद आवश्यक हो गया है ताकि स्थिति नियंत्रण में लाई जा सके।

## ईयर एंडर : संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय की उपलब्धियों पर किया विस्तृत ब्योरा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्रालय की पिछले एक वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। संचार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले दूरसंचार विभाग और डाक विभाग ने भी बीते वर्ष में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनका लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंच रहा है। आमतौर पर मंत्रालयों के कामकाज का लेखा जोखा संबंधित मंत्री हर साल के अंत में देते हैं। उसमें भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सबसे पहले अपने अधीन मंत्रालयों के कामकाज का लेखाजोखा देकर बाजी मार ली।

### पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास कार्य

सिंधिया ने बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि देश के इस सुदूरवर्ती हिस्से को मुख्यधारा से पूरी तरह जोड़ा जाए।

### दूरसंचार विभाग की उपलब्धियाँ

दूरसंचार क्षेत्र में 5जी सेवाओं का विस्तार, ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना तथा डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूत करने जैसे कार्यों का उल्लेख किया गया। मंत्री ने कहा कि इस दौरान लाखों नए उपभोक्ता तेज सस्ती इंटरनेट सेवाओं से जुड़े हैं।

### डाक विभाग की प्रगति

डाक विभाग की बात करते हुए उन्होंने बताया कि अब डाकघर केवल पत्र और पार्सल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वित्तीय समावेशन, बीमा योजनाओं और डिजिटल सेवाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

ग्रामीण डाक सेवाओं के ज़रिए करोड़ों लोगों को बैंकिंग और भुगतान सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

### पत्रकारों के साथ संवाद

मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए और भरोसा दिलाया कि मंत्रालय आने वाले समय में भी पारदर्शिता और तेजी के साथ काम करता रहेगा।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले- भारत पर टैरिफ ट्रंप की गलती

## पाकिस्तान के साथ नहीं भारत के साथ रिश्ता रखें, अमेरिका को इसी में फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम टोनी एबॉट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भारी टैरिफ लगाकर गलत किया है। पिछले 20 सालों में अमेरिका ने इस गलती को सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन ये टैरिफ बड़ा झटका है। अमेरिका के हित भारत जैसे लोकतंत्र के साथ मजबूत दोस्ती में हैं, न कि पाकिस्तान में। एबॉट ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद पर अमेरिका का साथ दिया, लेकिन ओसामा बिन लादेन को दशक भर पनाह दी। अमेरिका को ये जानना जरूरी है कि बेहतर दोस्त कौन है। बता दें, एबॉट 2013 से 2015 तक ऑस्ट्रेलिया के 28वें पीएम रहे थे।

### भारत भविष्य में वर्ल्ड लीडर बनेगा



टोनी एबॉट के अनुसार, भारत अब सिर्फ एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि आने वाले समय में व्लर्ड लीडर बन सकता है। हर भारतीय शहर में नई सड़कों, एयरपोर्ट्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम चल रहा है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन का मजबूत विकल्प बनकर भी सामने आया है।

### भारत की तीन ताकत- लोकतंत्र, कानून और अंग्रेजी

एबॉट ने बताया कि भारत के पास तीन बड़ी ताकतें हैं, लोकतंत्र, कानूनी शासन और अंग्रेजी भाषा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2022 में और ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट इस बात के संकेत हैं कि लोकतांत्रिक दुनिया अब चीन से दूरी बना रही है। जबकि भारत आर्थिक और सैन्य छलांग लगाने की तैयारी में है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का आरोप

## स्वीडिश सैन्य कंपनी के एजेंट थे राजीव गांधी, दस्तावेज साझा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक दस्तावेज साझा किया और दावा किया कि पूर्व पीएम राजीव गांधी स्वीडिश सैन्य कंपनी के एजेंट थे। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि 1970 में हथियारों की खरीद में राजीव गांधी भी दलाली में शामिल थे। निशिकांत दुबे का राजीव गांधी पर यह आरोप ऐसे समय सामने आया है, जब कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने निशिकांत दुबे पर हमला बोला है। सुप्रिया श्रीनेत ने निशिकांत दुबे की पत्नी की संपत्ति में आए जबरदस्त उछाल पर सवाल खड़े किए। गुरुवार को कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और उनकी उनके चुनावी हलफनामे के खिलाफ लोकपाल से हुई शिकायत का हवाला दिया। शिकायत में दावा किया गया है कि निशिकांत दुबे की पत्नी की संपत्ति साल 2009 में 50 लाख रुपए थी, जो साल 2024 में बढ़कर 32 करोड़ रुपए हो गई।

## ब्रह्मोस की पहली खेप लखनऊ से जाएगी राजनाथ-सीएम योगी दिखाएंगे 'हरी झंडी'

### लखनऊ आज रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रहा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शनिवार को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ सरोजिनी नगर स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच का फ्लैग ऑफ करेंगे। यह दिन न केवल उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भारत की रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस, जो विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता है, ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से मिसाइल सिस्टम की पहली खेप सफलतापूर्वक तैयार कर ली है।




### बूस्टर भवन का उद्घाटन करेंगे

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री बूस्टर भवन का उद्घाटन करेंगे और बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी देखेंगे। इसी क्रम में एयरफ्रेम और एवियोनिक्स, वारहेड भवन में पीडीआई (प्री डिस्पैच इंस्पेक्शन) और ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रेजेंटेशन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डीजी (ब्रह्मोस) डॉ. जयतीर्थ आर. जोशी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक चेक और जीएसटी बिल सौंपेंगे, जिससे राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। सरोजिनी नगर के भटगांव स्थित अत्याधुनिक ब्रह्मोस यूनिट उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है।

तेल मामले में ट्रंप के बयान पर रूस के डिप्टी पीएम एलेक्जेंडर नोवाक बोले

# भारत पर कोई हुक्म नहीं चला सकता, वो अपना रास्ता चुनेगा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी तेल की खरीद पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर रूस के डिप्टी पीएम एलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे साझेदार हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे। हमारे ऊर्जा संसाधनों की मांग है, यह आर्थिक रूप से लाभदायक और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि हमारे साझेदार भारत ने लगातार यह घोषणा की है कि कोई उन पर हुक्म नहीं चला सकता और वे अपना रास्ता स्वयं चुनेंगे। यही हमारे रिश्ते की कसौटी है। नोवाक ने कहा कि भारत ने अब तेल का भुगतान चीन की मुद्रा युआन में करना शुरू कर दिया है हालांकि अब भी ज्यादातर भुगतान रूबल में ही हो रहा है। भारत ने सितंबर में रूस से 25597 करोड़ रुपए का तेल खरीदा है।

*भारत ने तेल का भुगतान चीन की मुद्रा युआन में करना शुरू किया*

*भारत ने सितंबर में रूस से 25597 करोड़ रुपए का तेल खरीदा है*



### द्विपक्षीय व्यापार संबंध बेहतर: अलीपोव



वहीं, भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा भारत के साथ रूस के ऊर्जा संबंध नई दिल्ली के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप हैं। दोनों देशों में समग्र द्विपक्षीय व्यापार संबंध बेहतर हो रहे हैं। रूसी राजदूत ने कहा कि भारत सरकार अपने देश के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर इस मामले से निपट रही है।

### भारत अपने फैसले खुद लेता है: जैमीसन ग्रीर

इससे पहले अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा था कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें। ग्रीर ने कहा था कि भारत के रूस के साथ हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है।



पाकिस्तान को दो टूक

### रूसी राजदूत खोरेव ने कहा कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा

पाकिस्तानी न्यूज एंकर ने एक शो में पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव से बात की। इसमें उन्होंने कश्मीर मुद्दा उठाया और उम्मीद की कि रूसी राजदूत चूंकि उनके कार्यक्रम में आए हैं, इसलिए हो सकता हो कि उनकी तरफ की बात करें। एंकर ने पूछा कि क्या आपको लगता है कि कश्मीर विवाद को सुलझाने में भारत की हिचकिचाहट से परमाणु युद्ध हो सकता है? इस पर इस्लामाबाद में रूसी राजदूत के रूप में कार्यरत अल्बर्ट खोरेव ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि रूस का मानना है कि पाकिस्तान और भारत को कश्मीर विवाद सिर्फ द्विपक्षीय तरीकों से ही सुलझाना चाहिए।



अमेरिकी चेंबर ऑफ कॉमर्स पहुंचा कोर्ट

## एच-1बी वीजा शुल्क गैरकानूनी, ट्रंप प्रशासन पर दायर किया मुकदमा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन 'यूएस चेंबर ऑफ कॉमर्स' ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को लेकर है, जिसे सरकार ने एक लाख डॉलर तय किया है। चेंबर का कहना है कि यह शुल्क 'गैरकानूनी' है और इससे अमेरिकी कंपनियों को भारी नुकसान होगा। वॉशिंगटन की एक जिला अदालत में दायर याचिका में कहा गया है कि अगर यह शुल्क लागू किया गया तो अमेरिकी कंपनियों को या तो अपने श्रमिक खर्च बहुत बढ़ाने होंगे या फिर उन्हें कुशल कर्मचारियों की संख्या घटानी पड़ेगी, जिनके लिए घरेलू विकल्प आसानी से नहीं मिलते। चेंबर ने ट्रंप के 19 सितंबर के आदेश को स्पष्ट रूप से अवैध और अमेरिका के आर्थिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए लाभदायक बताया। कहा कि यह घोषणा न केवल एक भ्रामक नीति है बल्कि यह स्पष्ट रूप से गैरकानूनी भी है। राष्ट्रपति के पास यह अधिकार कानून द्वारा सीमित है।



# व्यापारियों को अब तक 738 करोड़ रुपए का जीएसटी रिफंड किया: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार लगातार दिल्ली के व्यापारियों का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जारी कर रही है। अब तक व्यापारियों तक 738 करोड़ की राशि पहुंचा दी गई है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक के जरिए व्यापारियों को लगातार उनका जीएसटी रिफंड निपटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार आम जन तक भी खुशियां पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत हम पानी के लंबित बिलों व अनधिकृत पेयजल व सीवर के कनेक्शनों पर भारी राहत दे रहे हैं, इसके लिए पेमेंट चार्ज व पेनल्टी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। हमारी सरकार की यह योजना भी आम जन के लिए दीपावली का उपहार है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान के परिणामस्वरूप व्यापार व कर विभाग ने अभी तक 1 हजार 2 करोड़ रुपये के लंबित जीएसटी रिफंड मामलों को सफलतापूर्वक निपटा दिया गया है। इनमें से 738 करोड़ रुपये की राशि दिल्ली के व्यावसायिक संस्थानों और व्यापारियों को रिफंड के रूप में भेज दी गई है। विभाग की यह अब तक की उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसने रिफंड प्रक्रिया को नई गति दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रिफंड निपटान प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए जीएसटी विभाग ने आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया है। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, डेटा ऑटोमेशन और त्वरित जांच प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे रिफंड आवेदन शीघ्रता से निपटाए जा रहे हैं।



## अभी तक कुल 8 हजार 259 रिफंड आवेदनों का किया गया निपटारा

अभी तक विभाग द्वारा कुल 8259 रिफंड आवेदनों का निपटारा किया गया है, जो एक रिकॉर्ड संख्या है। इन आवेदनों में से 7409 आवेदन 10 लाख रुपये से कम के रिफंड दावों से जुड़े थे। इन छोटे दावों के शीघ्र निपटारे से दिल्ली के छोटे व्यापारियों और व्यवसायियों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री के अनुसार यह प्रयास न केवल करदाताओं के विश्वास को मजबूत करता है, बल्कि दिल्ली में व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करेगा। दीपावली के आसपास रिफंड जारी होने से बाजारों में नकदी प्रवाह बढ़ेगा और व्यापारिक माहौल को नई ऊर्जा मिलेगी।

## दिल्ली सरकार आम जन तक खुशियां पहुंचाने का लगातार कर रही है प्रयास

मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार आम जन तक भी खुशियां पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत हमने पानी के लंबित बिलों व अनधिकृत पेयजल व सीवर के कनेक्शनों पर भारी राहत दी है, इसके लिए पेमेंट चार्ज व पेनल्टी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। हमारी यह योजना भी आम जन के लिए दीपावली का उपहार है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना के तहत लगभग 11000 करोड़ रुपये सरचार्ज माफ किया जाएगा। हमारी सरकार का यह निर्णय दिल्ली के लोगों को दीपावली का उपहार है। हमने यह कदम जनहित में उठाया है। हमारी सरकार चाहती है कि जल बोर्ड की कार्यप्रणाली को बेहतर व प्रभावी बनाया जाए।

## गैर घरेलू पानी के बिलों पर भी लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा घरेलू पानी बिलों के लेट पेमेंट पर सरचार्ज माफी के बाद अब गैर घरेलू पानी के बिलों पर भी लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना लागू करने की मांग उठी है। इस मुद्दे पर दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष आर सी जैन ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व जल मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा को एक पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा जल बोर्ड के बकाया घरेलू बिलों पर लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना लागू करने का संगठन स्वागत करते हुए हार्दिक धन्यवाद करता है। जैन ने कहा कि पत्र द्वारा संगठन ने अनुरोध किया है कि घरेलू बिलों पर छूट के साथ-साथ गैर घरेलू बिलों जैसे पब्लिक स्कूलों आदि पर भी इस प्रकार की छूट मिलनी चाहिए। क्योंकि पिछली सरकार ने जिस प्रकार से सभी उपभोक्ताओं पर चाहे वह घरेलू पानी के उपभोक्ता हो या गैर घरेलू पानी की उपभोक्ता हो उन सब पर अनाप-शनाप बिल भेज कर लोगों की कमर तोड़ने का प्रयास किया गया था। जिसको उस समय की आम आदमी पार्टी की सरकार के मुख्यमंत्री ने भी स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि हम सरकार से अपील करते है के सभी बातों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में चलने वाले पब्लिक स्कूलों को भी इस छूट में शामिल किया जाए।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **रेणु** पत्नी कपिल कुमार निवासी ग्राम असलतपुर खुर्द, डाकघर दौलतपुर, नजफगढ़, नई दिल्ली ने सी.सी. एन.आई. एक्ट 5598/2023 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रेणु** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रेणु** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. एन.आई. एक्ट 5598/2023 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्ता **रेणु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.12.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री अमित राणा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एन.आई एक्ट) डिजीटल कोट-10,**
**कोर्ट नं. 04,**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/13970/DW/2025

### संदिग्ध व्यक्ति



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक संदिग्ध पुरुष (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नाम अज्ञात पुत्र** अज्ञात **निवासी** अज्ञात, **उम्र**–लगभग 22 वर्ष, जो कि शास्त्री पार्क, दिल्ली से दिनांक 19.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे से संदिग्ध की सूचना मिली है। **Case E-FIR No. 10911/25, Dated 19.04.2025,** के तहत **पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क, दिल्ली–110053,** में पंजीकृत किया गया है। संदिग्ध पुरूष का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

**लिंगः** पुरूष, **कदः** 5'5", **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** बहुरंगी शर्ट, नीली जींस और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस संदिग्ध पुरुष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस संदिग्ध पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी,**
**पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क,**
**दिल्ली–110053**
**फोनः 8920191637, 8750870723**

**वेबसाइटः https://cbi.nic.in**
DP/14043/NE/2025


## डीयू कुलपति ने कर्मियों के साथ मनाई दीपावली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि किसी भी संस्थान के विकास में सभी कर्मियों एवं अधिकारियों का अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान होता है। कुलपति विश्वविद्यालय के सफाई कर्मचारी, सुरक्षा कर्मचारी और बागवानी कर्मियों के संग दिवाली मिलन के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कर्मियों को शाल व मिठाई देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान उनके साथ डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी और सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर भी उपस्थित रहे। इसके अलावा श्री अरबिंदो कॉलेज ने कॉलेज प्रांगण में भी दीपावली मंगल मिलन समारोह व दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया जिसमें छात्र, शिक्षकों व कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के पदाधिकारी, कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष मोहित यादव की टीम के अलावा मीडिया संयोजक डॉ. हंसराज सुमन, प्रो. राजीव अग्रवाल, प्रो. प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सरकार प्रजापति समाज के लिए माटी कला बोर्ड के गठन पर कर रही विचार : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार प्रजापति समाज की मांग पर माटी कला बोर्ड के गठन पर भी विचार कर रही है ताकि कुम्हार समाज के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने उत्तम नगर स्थित कुम्हार कॉलोनी में मिट्टी की कला से जुड़े कारीगरों एवं कुम्हार भाइयों से संवाद करते हुए कही। इस दौरान मंत्री इंद्राज का कुम्हार समाज ने स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तम नगर के विधायक पवन शर्मा भी मौजूद रहे। मंत्री इंद्राज ने दौरे के दौरान स्थानीय दुकानदारों से मिट्टी के दीपक, बर्तन और सजावटी वस्तुएं खरीदकर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को प्रोत्साहित किया। उन्होंने ऑनलाइन भुगतान कर स्थानीय दुकानदारों से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान से देश में स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्योगों को नई पहचान मिली है। मंत्री इंद्राज ने कारीगरों की परंपरागत कला, परिश्रम और सृजनशीलता की सराहना की और दिल्लीवासियों से भी स्थानीय कलाकारों और कारीगरों से खरीदारी करने का आग्रह किया ताकि इस दीवाली पर उनकी मेहनत और हुनर का सम्मान हो। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, स्वदेशी उद्योगों और 'मेक इन इंडिया' को भी नई पहचान मिलेगी और विकसित दिल्ली का लक्ष्य भी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरी केवल व्यवसाय नहीं, भारत की सांस्कृतिक पहचान भी है।



## सरकार की अनदेखी और विंटर एक्शन प्लान में देरी के कारण प्रदूषण खतरनाक स्तर पहुंचा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में वायु प्रदूषण के लिए सीधे तौर पर दिल्ली सरकार को दोषी ठहराया है। देवेंद्र ने आरोप लगाते हुए कहा कि गत वर्षों की भांति इस बार भी दिल्ली में वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई) खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा सरकार द्वारा विंटर एक्शन प्लान बनाने में ही बहुत देरी कर दी है, तो ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण की उम्मीद नहीं की सकती। दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार की तरह दिल्ली वालों को जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर कर रही है। भाजपा सरकार द्वारा वायु और जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए गए कार्य की विफलता का खामियाजा जनता को भुगतना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आनन्द विहार में 362 एक्यूआई, मथुरा रोड़ पर 358 एक्यूआई, द्वारका सेक्टर-8 में 330 एक्यूआई, वजीरपुर में 347 एक्यूआई खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया। रेखा गुप्ता सरकार की निष्क्रियता के कारण इस वर्ष दीपावली से पहले खतरनाक प्रदूषण दर्ज किया जा रहा है। जिसके कारण श्वसन, फेंफड़ों, अस्थमा जैसी बीमारियों से ग्रस्त बुजुर्ग और बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे है। देवेंद्र ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों की 5-7 उम्र कम हो रही है। टूटी सड़कों से उड़ती धूल, गाड़ियों से निकलने वाला धुंआ, निर्माण के धूल कण हित कूड़े बढ़ते कूड़े के पहाड़ों से निकलने वाली जहरीली गैस और दिल्ली में कूड़ा प्रबंधन की अव्यवस्था के कारण दिल्ली की हवा में जहर घुल रहा है। उन्होंने कहा कि 25 सूत्री विंटर एक्शन प्लान की कामयाबी के लिए 30 विभागों का समन्वय स्थापित करने की बात करके प्रदूषण मंत्री सिर्फ लोगों की सहानुभूति ले रहे है। भाजपा सरकार प्रदूषण रोकने में सहायक रोड़ डस्ट कंट्रोल के लिए 200 मैकेनिकल रोड़ स्वीपर, 70 इलेक्ट्रिक लिटर पिकर तथा 38 टैंकर रात में तैनात करने की व्यवस्था करने की घोषणा कर रहे है। जबकि इन मशीनों के इस्तेमाल की बात मुख्यमंत्री ने मई महीने में ही की थी।

## 500 से अधिक कूड़ा डालने वाले स्थानों का शुरू हुआ सफाई निरीक्षण : प्रवेश वाही



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम अब शहर की सड़कों और गलियों से कूड़े के ढेरों को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए एक विशेष स्वच्छता अभियान गुरूवार से शुरू कर चुका है। निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस विशेष स्वच्छता अभियान में दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थायी समिति उपाध्यक्ष सुंदर तंवर, शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा, डेम्स समिति अध्यक्ष संदीप कपूर के नेतृत्व में संबंधित जोन अध्यक्ष एवं निगम अधिकारी प्रतिदिन सुबह कुल 517 गार्बेज वलेनरेबल बिन्दुओं (जीवीपी-कूड़ा डालने वाले स्थान) स्थानों पर जाकर जमीनी स्तर पर स्वच्छता का निरीक्षण कर रहे हैं। नेता सदन वाही ने बताया कि स्वच्छता निगम की प्राथमिकता है और विशेषकर दिवाली व छठ त्योहारों के समय पर इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। यह अभियान अगले एक महीने तक चलेगा और इसका लक्ष्य है हर वार्ड, हर जोन, और हर सड़क को साफ-सुथरा और कूड़ा-मुक्त बनाना। उप महापौर जयभगवान यादव ने निरीक्षण के दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उप महापौर यादव ने ढलाव घर से कूड़ा उठाने वाली निजी एजेंसी द्वारा कूड़ा उठाने के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कूड़ा उठाने वाली निजी एजेंसी को मशीन से कूड़ा उठाने के बाद बचे हुए कूड़े को भी उठाने के निर्देश दिए।

## गांधी स्मृति में ब्राजील के उपराष्ट्रपति ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



- गोयल ने महात्मा गांधी की आत्मकथा एवं एक गांधी चरखा किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति जेराल्डो आल्कमिन ने शुक्रवार को तीस जनवरी मार्ग पर गांधी स्मृति में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और उनके अहिंसा और शान्ति की शिक्षाओं को समझने का प्रयास किया। आल्कमिन तीन दिनों की भारत की यात्रा पर हैं। गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने उनका स्वागत करने के बाद शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री गोयल ने उन्हें महात्मा गांधी की आत्मकथा एवं एक गांधी चरखा भेंट किया। इस अवसर पर आल्कमिन की पत्नी मारिया लूसिया, भारत में ब्राज़ील के राजदूत केनेथ नोब्रिगा, ब्राज़ील के विदेश मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री भी उपस्थित थे।

इस मुलाक़ात के दौरान विजय गोयल और उपराष्ट्रपति आल्कमिन ने भारत और ब्राज़ील के बीच गहरे संबंधों और रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। दोनों देशों के नेता ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, सतत विकास और दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर चर्चा की।

### श्रीलंकाई प्रधानमंत्री ने सीएम श्री स्कूल का किया दौरा

# दिल्ली के सरकारी स्कूल दुनिया के लिए बन रहे हैं एक उदाहरण : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद के साथ रोहिणी स्थित सर्वोदय को-एड विद्यालय (सीएम श्री स्कूल) का दौरा किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने श्रीलंका की प्रधानमंत्री को स्कूल की गतिविधियों, शिक्षा व्यवस्था, नई शिक्षण प्रणाली से अवगत कराया। शिक्षा मंत्री सूद ने डॉ. हरीनी अमरसूरिया को दिल्ली के सरकारी स्कूलों में किये जा रहे संरचनात्मक बदलावों, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट कक्षाओं, नई शिक्षण पद्धतियों तथा डिजिटल शिक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। स्कूल भ्रमण के दौरान डॉ. अमरसूरिया ने स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों से कई विषयों पर संवाद कर जानकारी ली। छात्रों ने उनके साथ अपने प्रोजेक्ट्स और डिजिटल लर्निंग के अनुभव साझा किए जिनसे श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल अत्यंत प्रभावित हुआ।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री डॉ. अमरसूरिया का यह दौरा भारत और श्रीलंका के बीच शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और संवाद को और मजबूत करेगा। दोनों देशों का यह साझा विश्वास है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही किसी देश के विकास और प्रगति की नींव है। सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार अपने विद्यालयों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार कर रही है ताकि हर बच्चा आधुनिक शिक्षा, तकनीक और नई शिक्षा प्रणाली से रूबरू हो सके। सूद ने कहा कि श्रीलंका की प्रधानमंत्री का इस स्कूल का यह दौरा केवल एक विद्यालय भ्रमण नहीं बल्कि दिल्ली की नई शिक्षा पद्धति की सफलता का प्रतीक भी है साथ ही इस दौरे से दक्षिण एशिया के दो लोकतांत्रिक देशों के बीच ज्ञान एवं सहयोग की नई दिशा का आरंभ भी होगा।



- श्रीलंका की प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार की शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल विकासशील देशों के लिए बन सकता है प्रेरणास्रोत

## दिल्ली की शिक्षा मॉडल विकासशील देशों के लिए बन सकता है प्रेरणास्रोत : डॉ. हरीनी

श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरीनी अमरसूरिया ने दिल्ली सरकार की शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल विकासशील देशों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन सकता है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों को देखने और इनकी शिक्षण व्यवस्था की जानकारी के लिए विदेश के प्रधानमंत्री स्वयं आये हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूल आज दुनिया के लिए एक उदाहरण बन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा की हमारे लिए शिक्षा केवल रोजगार का ही नहीं बल्कि समाज में समानता और प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम भी है।


दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

रोशनी का त्योहार दीपावली मनाएं

जिम्मेदार बनें, ग्रीन पटाखे चुनें

दिल्ली पुलिस की ओर से आपको सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल दीपावली की शुभकामनाएँ

दीपावली की रोशनी जगमगाए, पर दिल्ली का आसमान धुएँ से न भर जाए

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 18 से 20 अक्टूबर 2025 तक ग्रीन पटाखों की ऑफलाइन बिक्री व खरीद को मंजूरी दी

केवल नीरी-अनुमोदित क्यूआर कोड वाले हरित पटाखों की बिक्री एवं उपयोग ही मान्य हैं

नीरी द्वारा अनुमोदित हरित पटाखों की बिक्री एवं आतिशबाज़ी की तिथि
बिक्री की तिथि : 18-20 अक्टूबर, 2025
आतिशबाज़ी की तिथि : 19-20 अक्टूबर, 2025
समय : प्रातः 6:00 से 7:00 बजे एवं रात्रि: 8:00 से 10:00 बजे तक

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, कुरियर, डाक सेवा, मोबाइल बिक्री या घर-घर जाकर पटाखों की बिक्री या खरीद प्रतिबंधित है।

DP/9811/2025

हरित पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस हेतु आवेदन करें, अपने जिला डीसीपी कार्यालय में या आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करें:
https://licensing.delhipolice.gov.in/

नियमों का उल्लंघन करने पर Explosives Rules, 2008 r/w Explosives Act, 1884, Environment (Protection) Act, 1986, तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 के संबंधित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सावधानी, सतर्कता और गौरव के साथ दीपावली का जश्न मनाएं

पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई-मेल करें: cpdelhi@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को, पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर

@DelhiPoliceOfficial @DelhiPolice @delhi.police_official @DelhiPoliceofficial delhipolice.nic.in

तुरंत पुलिस सहायता के लिए कॉल करें - 112 | साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए 1930 पर कॉल करें

## चिंतन

# खुद के पाले आतंकवाद से लहूलुहान होता पाकिस्तान

हिन्दी की कहावत है कि जो दूसरों के लिए कुआं खोदता है, वो खुद उसमें गिरता है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ हो रहा है। पड़ोसी देश भारत में दहशर्दी फैलाने के उद्देश्य से आतंकवाद को पोषित कर रहा पाकिस्तान अब खुद लहूलुहान हो रहा है। हर दूसरे दिन देश के किसी न किसी हिस्से में धमाका हो रहा है और बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी पाक हुक्मरान सुधरने की बजाए आतंकवादियों को पनाह देकर खुद अपनी कब्र खोद रहे हैं। ये न केवल इंसानियत बल्कि इस्लाम को लहूलुहान करने जैसा है। पाकिस्तान नेताओं ने आतंकवादियों यानि बर्बर जानवरों को मानवता को घायल करने का लाइसेंस दे दिया है। देश में आतंकवादियों को अपना राष्ट्रीय उद्योग और राष्ट्रीय संपत्ति बन चुका है, लेकिन वहां के सत्ताधीश सुधरने को तैयार ही नहीं हैं। शुक्रवार को भी पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी ने कहा कि उनके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहार ने इस हमले को अंजाम दिया। असल में 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। जिसने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया, और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार आरोप लगाती है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। इसी के चलते बीते सप्ताह पाक ने अफगान में दो बार हवाई हमले भी किए और दावा किया कि इन हमलों में अनेक पाक विरोधियों का सफाया हो गया है। अब टीटीपी ने आत्मघाती हमला करके पाक को जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं है, जैसा पाक दावा कर रहा है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। जहां वे जब चाहे हमले को अंजाम दे रहे हैं। पाक जिन आतंकवादियों को पाल रहा था, अब वो ही उसे जख्म दे रहे हैं। अब वहां के हुक्मरान अब भी नहीं चेते तो आतंकवाद अजगर की तरह पूरे पाक को ही निगल जाएगा।



बस दुर्घटना
राजेश माहेश्वरी

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हादसे

**आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है।**

राजस्थान के जैसलमेर में बीती 14 अक्टूबर को हुआ भीषण बस अग्निकांड महज एक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि यह भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था, नियामकीय ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चौंका देने वाली मिसाल है। 21 निर्दोष लोगों की जान गई, दर्जनों जिंदगी भर के लिए झुलस गए। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह टाला नहीं जा सकता था? उत्तर है, हां, अगर सुरक्षा को प्राथमिकता मिलती और यदि हमारी व्यवस्था केवल मुआवजा देने तक सीमित न रहती, बल्कि जिम्मेदारी तय करने और सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होती। 17 अक्टूबर को यूपी के गौतमबुद्ध नगर के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती बस में आग लग गई। लुधियाना से आगरा जा रही बस में लगभग 50 यात्री थे। बस की छत पर रखे सामान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए।

बीती 5 मई को लखनऊ में किसान पथ पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक बस में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की जलकर मौत हो गई है। यह बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। बात सिर्फ यूपी और राजस्थान की नहीं। ऐसी स्थिति कम या ज्यादा देश के हर राज्य की है। आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। जिस बस में आग लगी, वह केके ट्रैवल्स की थी और इसे 14 दिन पहले ही खरीदा गया था। बस का रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर को हुआ, 9 अक्टूबर को इसका परमिट जारी किया गया और 14 अक्टूबर को ही यह हादसा हो गया। बस का मॉडिफिकेशन प्रमाणित एजेंसी से नहीं हुआ था। सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स यानी सीएमवीआर के अनुसार, किसी भी व्यावसायिक वाहन में किए गए संशोधन की वैधता जरूरी है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन शायद ही होता है। सवाल यह उठता है कि इतनी असुरक्षित बस को फिटनेस सर्टिफिकेट आखिर कैसे मिल गया? इससे विभागीय उदासीनता और संभावित भ्रष्टाचार की बू आती है। जैसलमेर की जिस बस में आग लगी, वह एक निजी स्लीपर कोच थी जिसे हाल ही में गैर-एसी से एसी में बदला गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस में शॉर्ट सर्किट, एसी कंप्रेसर का विस्फोट और ज्वलनशील फाइबर इंटीरियर की वजह से आग ने तेजी से पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। न इमरजेंसी एग्जिट था, ना खिड़कियों पर सुरक्षा हथौड़े, और मुख्य दरवाजा भी जाम हो गया, यात्री अंदर ही फंस कर जलते रहे। यह न केवल दुखद है, बल्कि शर्मनाक भी क्योंकि ये मौतें नीतिगत व प्रशासनिक चूक का सीधा नतीजा हैं। राजस्थान में अगर कायदे से चेक किया जाए तो हर बस में इमरजेंसी गेट के सामने या तो स्लीपर सीट बना दी गई या फिर उसे सामान रखने के लिए इस्तेमाल



किया जा रहा था। एक लग्जरी बस में आपातकालीन गेट के सामने फ्रिज और कॉफी मशीन फिट की गई थी। नियम के मुताबिक, इमरजेंसी गेट का रास्ता साफ होना चाहिए, लेकिन ऑपरेटर यात्रियों की जान की कीमत पर रुपये कमाने में जुटे हैं। अगर आग लगने, नदी में गिरने और बस पलटने जैसा हादसा हो तो यात्रियों का निकलना नामुमकिन है। राजस्थान सरकार ने इस घटना की तकनीकी जांच के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट यानी सीआईआरटी, पुणे को भी आमंत्रित किया है। सीआईआरटी अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। इस हादसे के बाद प्रदेश में चल रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत अब तक 162 बसें जब्त की जा चुकी हैं। परिवहन विभाग ने सभी बस परिवहन संघों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बसों में सुरक्षा मानकों के अनुसार आवश्यक सुधार किए जाने के बाद ही उनका संचालन सुनिश्चित करें।

अगर स्लीपर बसों की बात करें तो इसके लिए एआईएसः119 (आरईवी 1) प्रोविजन के तहत बस बॉडी का निर्माण होता है। आम भाषा में समझें तो सबसे पहले बस का चेचिस खरीदा जाता है, इसके बाद उन पर बॉडी का काम होता है। बॉडी बनाने के लिए कई नियमों का पालन करना होता है, जिसमें बस में लगने वाली सीटों की संख्या, बस का साइज आदि अहम है। इसके बाद चेसिस के हिसाब से बॉडी का निर्माण होता है। इसके बाद तीन जांच एजेंसियों से अप्रूवल लेना होता है, जिसमें यह तय होता है कि किस तरह की बस बनाई गई है। इसके बाद बस को फिटनेस आदि सर्टिफिकेट मिलते हैं। बस बनाने वाले बॉडी मेकर को ये सर्टिफिकेट लेना होता है। फिर बॉडी की जांच होती है और सर्टिफिकेट जारी होता है। इसके बाद बस सड़क पर चलने के लिए तैयार होती है। दरअसल, जो बड़े बॉडी मेकर हैं, वो समय पर सारे अप्रूवल ले लेते हैं, जो थोड़ा बड़ा और महंगा प्रोसेस है। ऐसे में जो बस वाले छोटे बॉडी मेकर से बस बनवाते हैं तो वे कागजों में बस की साइज, सीटों की संख्या कुछ और दिखाते हैं और हकीकत में बस की डिजाइन कुछ और होती है। आम तौर पर 13 मीटर बस की साइज का अप्रूवल आता है और फिर उसे 15 मीटर तक डिजाइन कर देते हैं। जैसे डबल एक्सल की साइज वाली बस को सिंगल एक्सेल चेसिस में बना देते हैं। इस दौरान कई बसों में फायर एग्जिट जैसी व्यवस्था भी करनी होती है। एक एसी स्लीपर बस को बनाने में करीब 26-27 लाख का खर्च आता है, जिसमें एसी का खर्च भी शामिल होता है।

इसमें बस की चेसिस और टायर आदि शामिल नहीं होते है। अगर कोई बस मालिक एसी खुद देते हैं तो 4 लाख का खर्च कम हो जाता है और फिर सिर्फ बॉडी और सीट का निर्माण किया जाता है। इस क्वालिटी में ही सुरक्षा का नजरअंदाज कर दिया जाता है। बताया जाता है इस दौरान खराब वायरिंग आदि की वजह से आग लगने की घटनाएं हो जाती हैं। जानकारों के मुताबिक, सर्दी की अपेक्षा गर्मी के दिनों में बसों में आग लगने के मामले तेजी से बढ़ जाते हैं। इसकी वजह होती है तेज धूप में बसों के इंजन और बॉडी का गर्म हो जाना। इंजन गर्म होने पर आग लगने का खतरा रहता है। इसके अलावा अगर बस में कोई भी तार इधर-उधर लटक रहा है तो उससे स्पार्क होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही डीजल टैंक से अगर डीजल या फिर मोबिल ऑयल लीक करता है तो शॉर्ट-सर्किट से आग पकड़ने की संभावना बढ़ जाती है। जानकारों के मुताबिक, बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है। परिवहन के नियमों को सख्त बनाना और चालकों को प्रशिक्षण देना भी आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
कांतिलाल मांडोत



# धनतेरस पर्व पर करें परोपकार का संकल्प

कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाये जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते हैं। इन पर्वों को पंचपर्व कहते है। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ गहरा सम्बन्ध है। सर्वप्रथम धन-तेरस के बारे में चर्चा करते हैं। प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। कहावत है-बिन पूछा मुहुरत भला, या तेरस या तीज। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। पता नहीं, इसे धन-तेरस नाम देने के पीछे क्या कल्पना रही होगी। मेरे विचार में इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है। भारत में हिन्दू समाज में कार्तिक कृष्ण तेरस को सूर्यास्त के पश्चात् लक्ष्मी पूजन होता है और घर के द्वार पर यम का एक दिया जलाया जाता है। पुराणों की मान्यता ऐसी है कि पितृपक्ष में पितृगण अपने परिवारजनों को देखने के लिए अदृश्य रूप में भूलोक में आते हैं। वे सबको देखकर इस दिन वापस अपने पितृलोक को लौट जाते हैं। इसलिए इस दिन एक दिया जलाकर पितृगण को विदा दी जाती है। यह एक रूढ़ लोकमान्यता है। भारतीय पुराणों में धन-तेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण-प्रतिष्टदायक धन्वन्तरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। महाभारत और पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि देव-दानवों ने मिलकर जब समुद्र-मंथन किया तो उसमें चौदह दुर्लभ रत्न प्राप्त हुए। उसी समुद्र-मंथन में धन्वन्तरि हाथ में अमृत कलश लिए प्रकट हुए। धन्वन्तरि चिकित्सा विज्ञान के आदि पुरुष माने जाते हैं। धन्वन्तरि शब्द का अर्थ है-शल्पशास्त्र में पारंगत पुरुष। किन्तु सुश्रुत संहिता के अनुसार आयुर्वेद के आठों अंगों का निपुण वैद्य धन्वन्तरि कहा जाता है। कुछ पुराणों के अनुसार काशी का राजा दिवोदास धन्वन्तरि नाम से प्रसिद्ध हुआ जो आयुर्वेद का महान विद्वान था। धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक आज की भाषा में फेमिली डॉक्टर माने जाते हैं। महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन तेरस धन्वन्तरि के जन्म-दिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार में रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानब को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही है-जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दुःख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है। ऐसे लोभी वैद्यों के लिए कवि कहता है- हे यमराज के बंधु वैद्यराज, तुम्हें दूर से ही नमस्कार करता हूँ। तुम वैद्यराज नहीं, यमराज से भी बढ़-चढ़कर हो, क्योंकि यमराज तो सिर्फ प्राणी के प्राणों का ही हरण करता है, किन्तु तुम तो प्राण भी ले लेते हो और धन भी ले जाते हो। आज धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बाँटो, दूसरों के दुःख-दर्द-पीड़ा दूर करो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन-तेरस की प्रेरणा है। धन तेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चाँदी व ताँबे-स्टील के बर्तन खरीदकर धन-तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते रसः-तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दुःखी प्राणी का दुःख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-सँभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुँचाई तो समझ लो आपकी धनतेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई। अन्यथा धन की पूजा करके चाहे तेरस मनाओ या चौदस, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। निःस्वार्थ और निरपेक्ष भाव से जितना बन सके दूसरों की सेवा-सहायता का संकल्प करना और उसके लिए अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग करना-यह लक्ष्मी के आमन्त्रण की पूर्व भूमिका है, बैकग्राउण्ड है। जो परोपकार करेगा लक्ष्मी स्वयं उसके द्वार पर आकर दस्तक देगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# एक सप्ताह अपने लिए निकाले



संकलित
## दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
## प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## सिद्दी धमाल



*गुजराती जनजाति के कलाकारों ने गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025 को देर रात राजस्थान के जयपुर में जवाहर कला केंद्र में लोकरंग महोत्सव 2025 के दौरान सिद्दी धमाल पेश किया।*

## आज की पाती

### एआई से बदलेगा इलाज का भविष्य

अब तक फिल्मों में जिस तरह की हाईटेक मशीनों को देखा गया है, वह हकीकत बनने की ओर बढ़ रही है। यूरोप के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है जो 1000 से ज्यादा बीमारियों का खतरा पहले से भांप सकता है। डेल्फी 2-एम नामक यह टूल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का विस्तृत पूर्वानुमान लगाकर अगले 10 साल या उससे भी आगे तक की बीमारियों के बारे में अलर्ट दे सकता है। इस एआई मॉडल को यूरोपियन मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी, जर्मन कैंसर रिसर्च सेंटर और कोपनहेगन यूनिवर्सिटी ने मिलकर तैयार किया है। इसे ट्रेनिंग देने के लिए करीब 23 लाख लोगों का स्वास्थ्य डेटा इस्तेमाल किया गया। यह मॉडल बीमारियों का पैटर्न समझता है।

- **शंकर त्रिवेदी**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

### न्यूयॉर्क के महापौर एरिक ने दिवाली उत्सव की मेजबानी की



न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स ने अपने आधिकारिक आवास पर एक शानदार दिवाली उत्सव की मेजबानी की, जिसमें उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शहर के सांस्कृतिक एवं आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की। यहां भारतीय मिशन ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से, उप महावाणिज्य दूत विशाल जे. हर्ष ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं और ''त्योहार के प्रकाश, आशा और आनंद के चिरस्थायी संदेश'' के बारे में बात की। इसमें कहा गया, ''महापौर ने भारतीय समुदाय का गर्मजोशी से स्वागत किया और न्यूयॉर्क के सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की।'' गवर्नर कैथी होचुल ने भी फ्लशिंग, क्वींस स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारतीय समुदाय के साथ दिवाली उत्सव मनाया। पेंसिल्वेनिया, कनेक्टिकट और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों ने दिवाली को आधिकारिक अवकाश घोषित कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर में, दिवाली पर स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

## ऑफ बीट

### एआई सामग्री में त्रुटियों से बढ़ रहा काम का बोझ



क्या आपने कभी अपनी नौकरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल काम की गुणवत्ता या सटीकता की दोबारा जांच किए बिना किया है? अगर हां, तो आप अकेले नहीं होंगे। हमारे वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि कार्यस्थल पर एआई का इस्तेमाल करने वाले दो-तिहाई (66 प्रतिशत) कर्मचारी बिना मूल्यांकन किए एआई सामग्री पर निर्भर रहे हैं। इससे दूसरों के लिए त्रुटियों की पहचान और सुधार में काफ़ी अतिरिक्त काम पैदा हो सकता है, प्रतिष्ठा को नुकसान की तो बात ही छोड़िए। इसी हफ़्ते, कंसल्टिंग फ़र्म डेलॉइट ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से माफ़ी मांगी, क्योंकि संघीय सरकार के लिए तैयार की गई 440,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की एक रिपोर्ट में एआई से जुड़ी कई त्रुटियां पाई गईं। इसी पृष्ठभूमि में "वर्कस्लोप" शब्द चर्चा में आया है। हाल में हार्वर्ड बिज़नेस रिव्यू के एक लेख में प्रचलित, यह शब्द एआई द्वारा निर्मित ऐसी सामग्री को संदर्भित करता है जो देखने में तो अच्छी लगती है, लेकिन "किसी दिए गए कार्य को सार्थक रूप से आगे बढ़ाने के लिए इसमें उचित सामग्री का अभाव होता है।'' समय की बर्बादी के अलावा, कार्यस्थल पर "वर्कस्लोप" सहयोग और विश्वास को भी कम करता है।

## ट्रेंड

### एमआरओ सुविधा स्थापित



एचएएल नासिक डिविजन में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन दोनों के लिए संयुक्त एमआरओ सुविधा स्थापित की गई है। यह दर्शाता है कि भारत में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन एक ही मंच पर साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### सच्चाई सामने आए



जुबिन गर्ग के मामले में सच्चाई जितनी जल्दी सामने आए, उतना ही बेहतर है, क्योंकि परिवार इस मामले की हकीकत जानना चाहता है। परिवार ने जुबिन को खो दिया है, और वे केवल यही चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आत्मनिर्भर भारत बनाएं



इस दीपावली जब हम एक मिट्टी का दीया जलाएंगे तो उसकी रोशनी किसी कुम्हार के घर में भी उम्मीद जगाएगी। जब हम स्वदेशी मिठाई खरीदेंगे तो किसी छोटे व्यापारी के घर में समृद्धि की खुशबू फैल जाएगी। इस दीपावली जो भी खरीदें, वो स्वदेशी हो। आइए, मिलकर आत्मनिर्भर भारत बनाएं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### देशहित की बात



पहलगाम में उन्होंने धर्म पूछ कर मारा, हमने उनके घर में घुसकर आतंकी अड्डों व आतंक के आकाओं को नेस्तनाबूद किया। मगर जब भी बात देशहित की आती है, कांग्रेस-आरजेडी दूसरे पाले में दिखाई देते हैं।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

नायब सरकार का एक साल पूरा होने पर खुला सौगातों का पिटारा

सीएम बोले, एक वर्ष में ही 46 संकल्पों को किया पूरा

# बुढ़ापा पेंशन 200 रुपये बढ़ाई, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 8,029 प्लॉट बांटे

- नवंबर से अब हर माह 3200 रुपये बुढ़ापा पेंशन मिलेगी
- दूसरे चरण में पिंजौर में 518 प्लॉटों का किया गया आवंटन
- पंचायतों व स्थानीय निकायों को 1483 करोड़ जारी किए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थियों को 3 हजार रुपये प्रति माह पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। 1 नवंबर, 2025 से सरकार इसमें 200 रुपये की वृद्धि करने जा रही है। जिसके बाद नवंबर माह से लाभार्थियों को 3200 रुपये प्रति माह का लाभ प्राप्त होगा।

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर गरीब परिवारों को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुढ़ापा पेंशन में 200 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की। अब बुजुर्गों को नवंबर माह से हर महीने 3200 रुपये मिलेंगे। साथ ही 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के दूसरे चरण के तहत प्रदेशभर में लाभार्थियों को 141 ग्राम व 2 महाग्राम पंचायतों में 8,029 प्लॉटों का आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का भी आवंटन किया गया। जिला पंचकूला में हरियाणा सरकार के गौरवमयी एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के कुछ लाभार्थियों को मंच पर आवंटन पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद कल्याण, विधायक शक्ति रानी शर्मा और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया गया और प्रदेशभर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संदेश को सुना।



## सीबीआई ने एनएचआईडीसीएल के कार्यकारी निदेशक के ठिकानों से बरामद की करोड़ों की संपत्ति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई ने नेशनल हाईवेज़ एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यकारी निदेशक एवं क्षेत्रीय अधिकारी मैसनम रितेन कुमार सिंह के कार्यालय और आवासीय परिसरों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब सीबीआई ने 14 उन्हें 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। सीबीआई की तलाशी गुवाहाटी, गाज़ियाबाद और इम्फाल स्थित परिसरों पर की गई, जिसमें भारी मात्रा में नकदी, दस्तावेज़ और लग्ज़री वस्तुएं बरामद हुईं। छापेमारी में 2.62 करोड़ नकद के साथ दिल्ली-एनसीआर में 9 प्रीमियम अपार्टमेंट, 1 प्रीमियम ऑफिस स्पेस और 3 आवासीय प्लॉट से जुड़े निवेश दस्तावेज़ मिले। बेंगलुरु में 1 प्रीमियम अपार्टमेंट और 1 आवासीय प्लॉट से जुड़े दस्तावेज़, गुवाहाटी में 4 प्रीमियम अपार्टमेंट और 2 आवासीय प्लॉट के दस्तावेज़, इंफाल (पश्चिम) में 2 होमस्टेड प्लॉट और 1 कृषि भूमि के कागज़ात सीबीआई ने जब्त किए।

आधा दर्जन लग्ज़री वाहनों 6 के स्वामित्व के पेपर्स और कई तरह के निवेश सीबीआई प्रवक्ता ने बताया 2 लक्ज़री कीमती घड़ियां, 100 ग्राम की सिल्वर बार भी छापे के दौरान मिला। सीबीआई ने कहा है कि इन संपत्तियों की वास्तविक कीमत ज़मीन पर काफ़ी अधिक है, जबकि दस्तावेज़ों में इनका मूल्यांकन कम दिखाया गया है। अब सभी संपत्तियों का सत्यापन और जांच की जा रही है।

## सीबीआई के हत्थे चढ़ा पंजाब का डीआईजी करोड़ों की संपत्ति बरामद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई ने पंजाब पुलिस के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) स्तर के एक अधिकारी से जुड़े रिश्वत मामले की जांच के तहत पंजाब और चंडीगढ़ में कई ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की। यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है, जिसमें उक्त अधिकारी को पहले एक व्यवसायी से रिश्वत मांगते और अपने सहयोगी के माध्यम से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। रिश्वत कथित तौर पर एक एफआईआर को 'निपटाने' और शिकायतकर्ता के व्यवसाय के खिलाफ कोई कठोर या प्रतिकूल पुलिस कार्रवाई न करने के लिए मांगी गई थी।

### छापों में बरामदगी

चंडीगढ़ स्थित आवास से:
लगभग 7.5 करोड़ नकद
करीब 2.5 किलोग्राम सोने के **आभूषण**
26 बेशकीमती लग्ज़री घड़ियां
परिवारजनों और संदिग्ध बेनामी नामों पर 50 से अधिक अचल संपत्तियों से जुड़े **दस्तावेज़**
कई बैंक खातों के विवरण और लॉकर की चाबियां
4 हथियार और 100 जिंदा **कारतूस**
समराला स्थित फार्महाउस से:
108 बोतल शराब
5.7 लाख नकद
17 जिंदा कारतूस
**कथित बिचौलिए के आवास से:**
21 लाख नकद
कई संदिग्ध दस्तावेज़

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत

सीबीआई ने बताया कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार और कदाचार की पूरी गहराई तक पहुंचने के उद्देश्य से की जा रही है। आज दोनों आरोपियों डीआईजी, रूपनगर रेंज और उनके मध्यस्थ को चंडीगढ़ स्थित सीबीआई अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गुजरात में 2 बसों की टक्कर, 2 ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** गुजरात के पारडी बाईपास पर शुक्रवार सुबह भीषण हादसा हो गया। यहां 2 बसों की टक्कर में 2 महिलाओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। गोधरा सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि बसों की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई, वहीं 5 गंभीर रूप से घायल हैं।



## गुजरात में नए मंत्रिमंडल ने ली शपथ, सीएम वही केवल कैबिनेट नई

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 25 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई

# सांघवी राज्य के नए डिप्टी सीएम बनाए गए वहीं रिवाबा को भी मंत्रीपद मिला

सांघवी 3 बार के विधायक हैं और मजुरा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। रुशीकेश पटेल, प्रफुल पनशेरिया, कुंवरजी बावलिया को दोबारा कैबिंट में शामिल किया है

**सीएम भूपेंद्र पटेल को मिलाकर मंत्रीपरिषद में 26 मंत्री हो गए**



एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात में नए मंत्रिपरिषद का शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। हर्ष सांघवी को राज्य का नया डिप्टी सीएम बनाया गया है। हर्ष सांघवी 3 बार के विधायक हैं और फिलहाल मजुरा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 25 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई, जिसके बाद सीएम भूपेंद्र पटेल को मिलाकर मंत्रीपरिषद में 26 मंत्री हो गए हैं। पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विधायक अर्जुन मोढवाडिया को भी मंत्री बनाया गया है। विसनगर विधायक रुशीकेश पटेल, प्रफुल पनशेरिया, कुंवरजी बावलिया को फिर से मंत्रीपरिषद में शामिल किया गया है।

### इन्हें भी मिली मंत्रिपरिषद में जगह



कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युम्न वाजा, कांतिलाल अमरुतिया और मनीषा वाकिल को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। गुरुवार को ग सीएम भूपेंद्र को छोड़कर मंत्रिपरिषद के अन्य सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जीतू वाघाणी, डिप्टी चीफ व्हिप कौशिक वेकारिया, स्वरूपजी ठाकोर, टीकाराम छंगा, जयराम गमित, रिवाबा जडेजा, पीसी बारांढा,रमेश कटारा, ईश्वरसिंह पटेल, प्रवीण माली, रमनभाई सोलंकी, कमलेश पटेल, संजय सिंह महिदा को भी शामिल किया है।

### कुछ मंत्रियों की ग्राउंड रिपोर्ट नहीं थी ठीक

माना जा रहा है कि सीएम से गुजरात के लोग खुश हैं लेकिन मंत्रियों की ग्राउंड रिपोर्ट ठीक नहीं है। दूसरी वजह स्थानीय निकाय के चुनाव हैं जो बहुत जल्द होने वाले हैं। इसके साथ साथ भाजपा कुछ पुराने दिग्गजों की भी वापसी की तैयारी कर रही थी। साथ ही जिन मंत्रियों को हटाया गया है, उन्हें बड़े पद दिए जाएंगे।

### 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं शामिल

नई कैबिनेट में 26 विधायकों को मंत्री बनाया गया है, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। पटेल समाज से 8 मंत्रियों को जगह मिली है। 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं भी शामिल हैं। पटेल की सरकार में 19 नए चेहरों को जगह मिली है।

यूपी के मुख्यमंत्री परिवार को न्याय दें

## राहुल ने हरिओम वाल्मीकि के परिवार से की मुलाकात और दी सांत्वना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली में मॉब लिंचिंग में जान गंवाने वाले हरिओम वाल्मीकि के परिवार से मुलाकात कर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को घर में बंद कर रखा है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय को नजरबंद नहीं किया जा सकता है।

शुक्रवार सुबह फतेहपुर में पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले हरियाणा में एक दलित अधिकारी ने आत्महत्या कर ली थी, तब वे वहां गए थे और आज हरिओम के परिवार से मिलने आए हैं। उन्होंने लगभग आधा घंटा परिवार से उनका दुःख-दर्द साझा किया।

राहुल ने कहा कि हरिओम के परिवार ने कोई अपराध नहीं किया, बल्कि उनके साथ अन्याय हुआ है, लेकिन ऐसा दिखाया जा रहा है कि ये ही अपराधी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़ित परिवार की एक लड़की का ऑपरेशन होना है, लेकिन सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण वह इलाज नहीं करवा पा रही है।

राहुल ने देश भर में दलितों पर बढ़ते अत्याचारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूरे देश में हत्या और दुष्कर्म की वारदातें सामने आ रही हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सीधे संबोधित करते हुए मांग की कि पीड़ित परिवार को न्याय व सम्मान दिया जाए और अपराधियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई हो। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए वरिष्ठ राहुल ने कहा कि पीड़ित परिवार ने बताया कि सरकारी अधिकारियों द्वारा उन्हें आज सुबह धमकाया गया और वीडियो पर यह बोलने के लिए कहा गया कि वे राहुल से नहीं मिलना चाहते। उन्होंने आगे कहा कि उनका परिवार से मिलना महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सबसे जरूरी बात यह है कि परिवार को न्याय मिले। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करेगी।

बाद में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हरिओम वाल्मीकि की नृशंस हत्या ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उनके परिवार की आंखों में दर्द के साथ एक सवाल था कि क्या इस देश में दलित होना अब भी जानलेवा गुनाह है?

मप्र के मंदसौर, दिल्ली विवि की घटनाओं का हवाला देकर भाजपा पर साधा निशाना

## कांग्रेस की भाजपा नेतृत्व से मांग प्रतिबंध लगाओ विद्यार्थी परिषद पर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कई हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए आरएसएस-एबीवीपी को विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में प्रतिबंधित करने की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा और एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने मध्य प्रदेश के मंदसौर स्थित सरकारी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य घटनाओं में आरएसएस-एबीवीपी की संलिप्तता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की चुप्पी पर भी निशाना साधा।

लांबा ने मध्य प्रदेश के मंदसौर के एक सरकारी कॉलेज से सामने आई शर्मनाक घटना का जिक्र करते हुए भाजपा के नारे 'बेटी बचाओ' पर तंज कसा। उन्होंने बताया कि एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कपड़े बदल रही छात्राओं का एबीवीपी के 4छात्र नेताओं ने मोबाइल से वीडियो बनाया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की शिकायत पर प्रिंसिपल ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो उसमें एबीवीपी के छात्र एक-दूसरे के कंधे पर चढ़कर वीडियो बनाते दिखे। लांबा ने आरोप लगाया कि 14 अक्टूबर की इस घटना के बाद 15 तारीख को भाजपा नेता बेशर्मी से इन छात्रों के बचाव में उतर आए और उन्हें क्लीन चिट देने के लिए पत्र लिखा। उन्होंने कर्नाटक में 2023 में हुई ऐसी ही घटना का उल्लेख किया, जहां कांग्रेस सरकार ने एबीवीपी नेता प्रतीक गौड़ा के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की थी।

लांबा ने दिल्ली स्थित साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में एक छात्रा के साथ हुई दुष्कर्म की घटना पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे देश की छवि खराब हो रही है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से जवाबदेही की मांग करते हुए कहा कि इन घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इस लड़ाई को हर स्तर पर लड़ेगी। वहीं एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक प्रोफेसर के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ डूसू की पदाधिकारी और एबीवीपी की सदस्य द्वारा की गई बदसलूकी को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अंबेडकर कॉलेज में डूसू की ज्वाइंट सेक्रेटरी दीपिका झा ने एक प्रोफेसर के मुंह पर थप्पड़ मारा, जिसका वीडियो पूरे देश के सामने है। इस दौरान दिल्ली पुलिस के अधिकारी और एबीवीपी-आरएसएस के लोग वहां मौजूद थे, लेकिन 24 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वरुण ने डीयू के कुलपति, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की कि दीपिका झा को तुरंत विश्वविद्यालय से निष्कासित किया जाए और प्रोफेसर को न्याय दिया जाए। उन्होंने सीएमगुप्ता पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या उन्होंने एबीवीपी के गुंडों के हाथ में डीयू को सौंप दिया है? चौधरी ने केरल के आईटी इंजीनियर आनंदु अजी द्वारा आत्महत्या किए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अजी ने अपने बचपन में आरएसएस शाखा में हुए यौन उत्पीड़न का खुलासा किया है, जिस पर कोई जांच नहीं हुई।

## 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के त्वरित क्रियान्वयन के लिए 11 मंत्रालयों के मंत्रियों के साथ शिवराज करेंगे बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' और 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की। इस दौरान, इन योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए शिवराज सिंह ने निर्देश दिए। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री 11 मंत्रालयों के मंत्रियों के साथ जल्द ही बैठक करेंगे।

- 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' और 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना'


बैठक में बताया गया कि जिलेवार क्लस्टर बनाकर दलहन आत्मनिर्भरता मिशन पर काम किया जाएगा। इस संबंध में राज्यों से क्लस्टर निर्माण के लिए सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को जमीनी स्तर पर बेहतर तरीके से लागू करने के लिए भी शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन जल्द शुरू होने से किसानों को फायदा होगा।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 335 दिनांक 09.10.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**

नाम- मेवाराम।
पिता का नाम - हुवास।
पता वासी गांव बुठीया थाना छनियाण जिला हरजोई बिहार हाल किराएदार शान्ति नगर मुरथल सोनीपत हरियाणा।
उम्र 50 वर्ष।
कद 5 फुट 6 ईन्च।
हुलिया- रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, काले सफेद बाल, पतला शरीर।
पहनावा - आसमानी रंग की कमीज पेंट व पैरो में चप्पल पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2025 को मेवाराम पुत्र हुवास वासी वासी गांव बुठीया थाना छनियाण जिला हरजोई बिहार हाल किराएदार शान्ति नगर मुरथल सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चला गया हैं। अब तक घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मुरथल मो0 न0 - 7419410540
अनुसंधान कर्ता मु० सिपाही सदींप 1034 / सोनीपत मो0 न0-9050578095
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4025/2026/39563/88/7 दि. 17.10.2025





## डेलॉयट इंडिया की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट

# भारतीय उपभोक्ता त्योहारों में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ कर रहे खरीदारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय उपभोक्ता इस साल के त्योहारी मौसम में बढ़े हुए आत्मविश्वास और वित्तीय आशावाद के साथ खरीदारी कर रहे हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण सोच-विचार कर किये जाने वाले खर्च करने की उनकी क्षमता में हुई बढ़ोतरी है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। डेलॉयट इंडिया की तरफ से उपभोक्ता व्यवहार के नवीनतम रुझानों पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक, मुद्रास्फीति के दबाव कम होने और हाल ही में किए गए जीएसटी दर कटौती ने उपभोक्ताओं की खरीद शक्ति और त्योहारों की खुशी बढ़ाई है। उपभोग का यह उत्साह वित्तीय स्थिरता और सोच-समझकर खर्च करने की इच्छा से समर्थित है।

### भोजन पर खर्च सूचकांक में गिरावट

सितंबर में भारत का वित्तीय खुशहाली सूचकांक 110.3 पर पहुंच गया, जो वैश्विक औसत 103.6 से काफी ऊपर है। यह घरेलू वित्तीय स्थिरता और मजबूत उपभोक्ता धारणा को दर्शाता है। उपभोक्ताओं की भोजन पर खर्च की किफायत के सूचकांक (एफएफआई) में तेज गिरावट इस रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण रुझान है।

*वाहन खरीद का रुझान बढ़ा : यह सूचकांक पिछले तीन साल में अपनी दूसरी सबसे निचली स्थिति में है। यह दर्शाता है कि उपभोक्ता अब खाने पर खर्च रोकने के बजाय उसके मूल्य को ध्यान में रखते हुए खरीद कर रहे हैं। वाहन खरीद का रुझान (वीपीआई) भी सालाना आधार पर 6.6 अंक बढ़ा है, जो महंगे उत्पादों की खरीद में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।*

- उपभोक्ताओं के खर्च करने की क्षमता में हुई बढ़ोतरी
- मुद्रास्फीति के दबाव कम होने से खरीद शक्ति बढ़ी
- भारत का वित्तीय खुशहाली सूचकांक 110 .3 पर पहुंचा



### मासिक उपभोक्ता खर्च बढ़कर चार फीसदी हुआ

*अनुमानित मासिक उपभोक्ता खर्च जुलाई में दो प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में चार प्रतिशत हो गया। डेलॉयट साउथ एशिया में साझेदार और उपभोक्ता उद्योग प्रमुख आनंद रामनाथन ने कहा, "आज के भारतीय उपभोक्ता अत्यधिक सूझबूझ, डिजिटल रूप से सक्षम और वित्तीय रूप से आत्मविश्वासी हैं।*

### उपभोक्ता अब मूल्य बढ़ाना सीख रहे

हम केवल उपभोक्ता धारणा की वापसी नहीं देख रहे, बल्कि प्राथमिकताओं का नए सिरे से समायोजन भी हो रहा है। उपभोक्ता अब मूल्य बढ़ाना सीख रहे हैं और अपनी आकांक्षाओं से समझौता नहीं कर रहे। हालांकि वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं बरकरार हैं, लेकिन भारत में बढ़ती कीमतों को लेकर चिंता में पांच प्रतिशत की कमी आई है और अब केवल 70 प्रतिशत उपभोक्ता इसे मुख्य चिंता मानते हैं।

### अतिरिक्त सुविधाओं पर अधिक खर्च करने तैयार उपभोक्ता

यात्रा और आतिथ्य पर खर्च स्थिर है, जिसमें उपभोक्ता उच्च गुणवत्ता वाले अनुभव और अतिरिक्त सुविधाओं पर अधिक खर्च करने को तैयार दिख रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि भारतीय उपभोक्ता व्यवहार में एक निर्णायक बदलाव आया है कि अब वे रक्षात्मक न होकर सोच-समझकर खर्च करने लगे हैं।

## दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बढ़ाने समझौते के प्रयास



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत, घरेलू खोज को बढ़ावा देना और स्टार्टअप को पुनर्चक्रण एवं प्रसंस्करण में शामिल करने जैसे कदम उठा रही है। तांबा, लिथियम, निकल और कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से लेकर लड़ाकू विमान तक कई उद्योगों के लिए जरूरी कच्चा माल हैं। ये खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी विनिर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। चिली, पेरू और ऑस्ट्रेलिया में इन खनिजों के भंडार मौजूद हैं। भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौता लागू हो चुका है और दक्षिण अमेरिकी देशों चिली एवं पेरू के साथ भी वार्ता जारी है। भारतीय टीम अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए इन देशों का दौरा कर रही है।

## रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (सुरक्षा) ने पूर्व रेलवे में सुरक्षा उपायों की समीक्षा की




**कोलकाता।** भारतीय रेल के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेलवे संचालन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा प्रणालियों की निरंतर निगरानी और मूल्यांकन आवश्यक है। इसी संदर्भ में, रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (सुरक्षा) श्री हरि शंकर वर्मा ने आज पूर्व रेलवे मुख्यालय, फेयरली प्लेस में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक श्री मिलिंद देऊस्कर के साथ एक व्यापक सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक एवं प्रधान विभागाध्यक्षों ने भाग लिया, जहाँ सुरक्षा प्रबंधन, दुर्घटना की रोकथाम तथा परिचालन अनुशासन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अपने दौरे के दौरान, श्री वर्मा ने पूर्व रेलवे के प्रमुख परिचालन स्थलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने हावड़ा स्टेशन, हावड़ा क्रू लॉबी और शालीमार स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद, 14 अक्टूबर 2025 को शालीमार से पांसकुड़ा और पांसकुड़ा से हावड़ा तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। जमीनी चुनौतियों को समझने और सुरक्षा मानदंडों के पालन के महत्व पर ज़ोर देने के लिए पूर्व रेलवे के रनिंग स्टाफ, क्रू सदस्यों और अन्य अग्रिम पंक्ति के रेल कर्मियों के साथ व्यापक बातचीत की।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डीआरएम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन के 03 रेल क्रेनों की मरम्मत/रखरखाव के लिए 2 वर्ष का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 73,69,847.65/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 1,47,400/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 03.11.2025 (10:30 बजे) से 17.11.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 17.11.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 17A-क.वि.–नई दिल्ली–2025–26 दिनांक : 17.10.2025 3228/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंसर, पुत्र निशार निवासी ई-44/ए-105, न्यू सीमा पुरी, नई दिल्ली** दूसरा पता **ई-44/ए-115, न्यू सीमा पुरी, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 295/2018 भा.द.सं. की धारा 380/457/411/34 के तहत, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अंसर** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अंसर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 295/2018 भा.द.सं. की धारा 380/457/411/34 के तहत, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंसर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **03.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री संघमित्रा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01, कमरा नं.54, दूसरी मंजिल
शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/13962/SHD/2025


## भारतीय जीवन बीमा निगम क नई जन सुरा (योजना 880) और बीमा लमी (योजना 881) का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** एलआईसी क जन सुरा - योजना (880)-एलआईसी क जन सुरा एक जीवन सूम बीमा योजना है। इस योजना का उेय कम आय वग के लोग क ज़रत को पूरा करना है। इसम ऑटो कवर सि वधा और गारंटीड अ डीशस शामिल ह। ये गारंटीड अडॅ ीशस, पॉलिसी अविध के दौरान के पॉलिसी के अंत म वाषक ीमियम के 4% क दर से अजत होते ह। यह योजना पॉलिसी अविध के दौरान पॉलिसीधारक क दुभायपूण मृयु क थित म परवार को विीय सहायता दान करती है और परपता के समय जीवित पॉलिसीधारक को एकमुत राशि दान करती है। यह योजना बिना कसी चिकसीय जाँच के केवल सामाय वथ जीवन के लिए उपलध है। वेश के समय यूनतम और अधिकतम आयु क मयादा 18 वष (पूण) और 55 वष है। यूनतम मूल बीमित राशि 1,00,000/- है, जबक ति ि अधिकतम मूल बीमित राशि 2,00,000/- है बीमित राशि का गुणज 5,000/- होगा)। पॉलिसी अविध 12 से 20 वष है और मियम भुगतान अविध क गणना पॉलिसी अविध म से 5 वष घटाकर क जाएगी।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## यूको बैंक के लाभ में 2.82 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 2.82 प्रतिशत बढ़कर 620 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में यूको बैंक ने 603 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक का कुल कारोबार 5.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 13.23 प्रतिशत अधिक है।

## जैकेट का शेष

### राष्ट्रपति अल सीसी ...

सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने मिस्र की यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी मुलाकात की थी।

### भारत-श्रीलंका के...

साथ ही मानवीय आधार पर इसके समाधान के पक्ष में है।

**संबंधों को मिलेगी एक नई गति :** मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंकाई पीएम का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी यह यात्रा भारत, श्रीलंका के ऐतिहासिक और बहुआयामी संबंधों में एक नई गति प्रदान करेगी। साथ ही इस साल अप्रैल महीने में की गई अपनी श्रीलंका यात्रा को याद करते हुए उन्होंने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ हुई बैठक में दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े हुए सभी विषयों पर हुई सार्थक चर्चा को याद किया। उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायके को अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके साथ लगातार संपर्क में बने रहने की इच्छा जताई।

### पेज एक का शेष
### रक्षा मंत्री ने किया...

**भारत अपनी सुरक्षा करने में सक्षम :** उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षा इतिहास में ऐसे दुर्लभ उदाहरण मौजूद हैं। जब पूरी व्यवस्था का एक साथ परीक्षण हुआ था। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने हमें ये अवसर प्रदान किया कि जिसमें हमारी सेनाओं ने न केवल वीरता, प्रतिबद्धता दिखाई। बल्कि स्वदेशी उपकरणों में अपना पूर्ण विश्वास भी प्रदर्शित किया। एचएएल ने अभियान की तमाम जगहों पर चौबीसों घंटे सहयोग दिया। लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों का त्वरित रखरखाव कर वायुसेना की परिचालन तत्परता को बनाए रखा। जबकि नासिक की टीम ने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान पर ब्रह्मोस मिसाइल तैनात करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। ये वही विमान और मिसाइल है, जिसने अभियान के दौरान आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने में अहम भूमिका निभाई थी। इस पूरी प्रक्रिया से ये साफ हो गया है कि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की आती है तो हम अपने उपकरण खुद ही बनाकर उनसे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

**2029 के लिए रखा बड़ा लक्ष्य :** रक्षा उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। 2014-15 में वार्षिक रक्षा उत्पादन 46 हजार 429 करोड़ रुपए था। 2024-25 में ये 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक पर जा पहुंचा है। रक्षा निर्यात पिछले दशक में 1 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 25 हजार करोड़ के उच्च-स्तर पर जा पहुंचा है। मंत्रालय ने वर्ष-2029 तक रक्षा विनिर्माण को 3 लाख करोड़ रुपए और निर्यात को 50 हजार करोड़ रुपए तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### दुनिया में भारत...

अलग है। बिहार के लोगों में क्षमता और योग्यता की कमी कभी नहीं रही। सबसे ज्यादा आईएएस, आईपीएस बिहार से निकलते हैं। कमी थी तो बस सही नेतृत्व और नीयत की। इस कमी को एनडीए की सरकार ने पूरा किया है।

**एनडीए सरकार ने बनाया बिहार को विकास का मॉडल :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपने 2005 के पहले का बिहार देखा होगा। उस समय बिहार में माफिया, अपराधियों का बोलबाला था। कितनी खराब हालत थी, जंगलराज था। इसके लिए कांग्रेस भी जवाबदेह है। कांग्रेस के कुशासन के परिणाम बिहार और पूरा देश भुगत रहा है। लाइसेंस, कोटा, परमिट वाली व्यवस्था ने बंटाढार कर दिया। कांग्रेस पार्टी ने बिहार और देश को बर्बाद कर दिया। बाद में बिहार को लालटेन पकड़ा दिया। एक परिवार के हाथों में पूरी सत्ता केंद्रित हो गई और बिहार के विकास की गति रुक गई। लेकिन समय के साथ जो बदलाव हुआ और जिस तरह से बिहार को विकास का मॉडल बनाया गया, उसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री के पद संभालने के बाद से बिहार के विकास के लिए 13 लाख करोड़ से अधिक की राशि दी गई है।

### लेह हिंसा मामले...

मंत्रालय ने लद्दाख के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि न्यायिक जांच के सुचारु संचालन हेतु सभी प्रशासनिक और लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, लद्दाख पुलिस महानिदेशक को भी जांच से संबंधित सहयोग करने के लिए कहा गया है। यह जांच यह स्पष्ट करेगी कि किन परिस्थितियों में लेह में हिंसा भड़की, पुलिस कार्रवाई क्यों और किस प्रकार हुई तथा चार निर्दोष व्यक्तियों की मौत किन कारणों से हुई।


**☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚**

**महत्वपूर्ण सूचना**

**दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को दीपावली त्योहार के अवसर पर दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालयों में कार्य प्रबंधन**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को दीपावली त्योहार के अवसर पर दिल्ली क्षेत्र के रेल आरक्षण कार्यालय निम्नानुसार संचालित किया जायेगा:-

- सरोजिनी नगर, कीर्ति नगर, शकूरबस्ती, दिल्ली शाहदरा, गाजियाबाद, कड़कड़डूमा, ओखला, नोएडा, तुगलकाबाद, सब्जी मंडी, आदर्श नगर, लाजपत नगर, रोहिणी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (आई.आर.सी.ए. भवन) के आरक्षण कार्यालय सायंकालीन पाली में 14:00 बजे से 20:00 बजे तक बंद रहेंगे। उपरोक्त सभी कार्यालय प्रातःकालीन पारी में यथावत कार्यरत रहेंगे।
- संसद भवन, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, रेलवे बोर्ड, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आरक्षण कार्यालय पूरे दिन बंद रहेंगे।
- आई.आर.सी.ए. भवन, दिल्ली जं. और हज़रत निज़ामुद्दीन के आरक्षण कार्यालय अर्थात् आई.आर.सी.ए. भवन में (2) काउंटर, दिल्ली जं. में (2) काउंटर और हज़रत निज़ामुद्दीन में (1) काउंटर पर आंशिक सेवाएं 18:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

3219/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## लगातार तीसरे दिन शेयर बाजारों में तेजी बरकरार रही



- **सेंसेक्स 484 अंक उछला, निफ्टी में 124 अंक की बढ़त**

**मुंबई।** प्रमुख बैंकों एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 484 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 25,700 के ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 484.53 अंक यानी 0.58 प्रतिशत उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक बढ़कर 84,172.24 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 124.55 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,709.85 अंक पर पहुंच गया। ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, /"भारतीय बाजारों ने कारोबारी सप्ताह का समापन मजबूती के साथ किया। निफ्टी और बैंक निफ्टी दोनों ने ही अहम मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया। इसके पीछे संस्थागत भागीदारी और व्यापक खरीदारी की भूमिका रही।/"हालांकि व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.49 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट रही।

## धनतेरस से पहले सोना 3,200 रुपये उछला



**नई दिल्ली।** धनतेरस से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मजबूत त्योहारी खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,200 रुपये बढ़कर 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत में 7,000 रुपये की गिरावट आई। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,200 रुपये उछलकर 1,34,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह बृहस्पतिवार को 1,31,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान अधिक बिक्री की उम्मीद में स्टॉकिस्टों ने खरीदारी की। धनतेरस शनिवार को मनाया जाएगा। 'हालांकि, चांदी में गिरावट आई। चांदी की कीमत 7,000 रुपये टूटकर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। यह बृहस्पतिवार को 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। उसके बाद सोमवार को दिवाली मनाई जाएगी। धनतेरस के दिन कीमती धातुएं खरीदने को शुभ माना जाता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 1 में सरदारो वाली ढाणी अफगान में पार्क का निर्माण + 7 कार्य। | 15.10.2025 22.10.2025 | 1,66,60,378/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39592/I/88/7 दि. 17.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नया पडाव, वार्ड नं. 19, एम.सी. रोहतक में कृष्ण कुमार गोयल के मकान, सुरेश बंसल के मकान के निकट सीसी गली और अंकुर के मकान तथा रघुनंदन के मकान के निकट गली का अपग्रेडेशन + 1 कार्य। | 16.10.2025 24.10.2025 | रु. 36.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 [illegible] |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक की सीमाओं में एलीवेटेड रोड की समाप्ति के पश्चात रेलवे लाइन के निकट सीसी गली का निर्माण + 5 कार्य। | 16.10.2025 24.10.2025 | रु. 203.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39586/I/88/7 दि. 17.10.25


## शब्द पहेली - 6022




**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप, मंत्र पाठ-2
5.काया, बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट, अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं, अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना, कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात, फालिज-3
32.मनमौजी, अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी, पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा, परी -2
51.गर्भ, कोख-3
53.दंड, शिक्षा -2
55.पाश, फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट, अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी, नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण, लमहा-2
6.गगन, आकाश-2
8.सरुर, खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म, लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर, बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि, धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 6021 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | ■ | ■ | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |



# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले टॉप-5 गेंदबाज में दो भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे इतिहास की शुरुआत साल 1980 में हुई थी। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 152 वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले 5 खिलाड़ियों में दो भारतीय हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट में अब तक सिर्फ पांच ही गेंदबाज 40+ विकेट हासिल कर सके हैं।





**ब्रेट ली :** साल 2000 से 2012 के बीच ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने कुल 32 मुकाबलों की 30 पारियों में 257.1 ओवर फेंके, जिसमें 21 की औसत के साथ 55 विकेट हासिल किए। इस दौरान ली ने भारत के विरुद्ध चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए।

**कपिल देव :** भारत को बतौर कप्तान वनडे विश्व कप खिताब जिताने वाले कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 1980 से 1994 के बीच 41 मुकाबलों में कुल 338.4 ओवर फेंके, जिसमें 45 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड के खिलाफ कपिल देव का सर्वश्रेष्ठ 43/5 रहा।



**मिचेल जॉनसन :** इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने साल 2006 से 2015 के बीच 220.3 ओवरों में कुल 43 विकेट हासिल किए। इस दौरान जॉनसन ने एक बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया।



**स्टीव वॉ :** ऑस्ट्रेलिया का यह दिग्गज खिलाड़ी लिस्ट में चौथे स्थान पर मौजूद है, जिसने साल 1986 से 2001 के बीच भारत के खिलाफ 53 वनडे मैच खेले। इस दौरान स्टीव वॉ ने 257.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 29.46 की औसत के साथ 43 विकेट हासिल किए।

### मोहम्मद शमी



भारत के तेज गेंदबाज ने साल 2013 से 2025 के बीच 215.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान शमी ने 42 विकेट हासिल किए। इस टीम के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में शमी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 51/5 है।

## खबर संक्षेप

### मलेशिया को हराकर जोहोर कप के फाइनल में पहुंचा भारत

**जोहोर बाहरू।** भारत ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान मलेशिया को 2-1 से हराकर सुल्तान ऑफ जोहर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत के लिए गुरजोत सिंह (22वें मिनट) और सौरभ आनंद कुशवाहा (48वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल 43वें मिनट में नवनीश पैनिकर ने किया। भारतीय टीम अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारत ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 12वीं बार हिस्सा लेते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई है।

### बोस्टन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची अनाहत



**नई दिल्ली।** मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अमेरिका की चार्लोट सेज को हराकर 15 हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट बोस्टन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता अनाहत ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद अंतिम 16 दौर में स्थानीय खिलाड़ी सेज को 11-4, 11-6, 9-11, 11-8 से हराया। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज दिल्ली की इस युवा खिलाड़ी के सामने अब मिस्र की आठवीं वरीयता प्राप्त यना स्वाइफी की चुनौती होगी।

### बारिश के कारण श्रीलंका द.अफ्रीका का मैच रूका

**कोलंबो।** दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच शुक्रवार को महिला विश्व कप मैच को मेजबान टीम की पारी के 12वें ओवर के बाद बारिश के कारण रोकना पड़ा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद दो विकेट पर 46 रन बना लिए हैं। बारिश के कारण खेल रुकने पर हर्षिता समरविक्रम छह जबकि कविशा दिलहारी पांच रन बनाकर खेल रहीं थी। सलामी बल्लेबाजी विश्मी गुणरत्ने 12 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं। कप्तान चामरी अटापट्टू और हसिनी परेरा ने अपने विकेट गंवाने से पहले क्रमशः 12 और चार रन बनाए।

### न्यूजीलैंड की राह रोकने उतरेगी पाकिस्तानी टीम

**कोलंबो।** अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम शनिवार को आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें विरोधी टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेरने पर टिकी होंगी। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के कारण धुल जाने के कारण गंवाए गए मौकों का मलाल होगा। पाकिस्तान ने बारिश से बाधित 31 ओवर के मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट पर 133 रन पर रोका और फिर 113 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए 6.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 34 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बारिश के कारण मैच को अंततः रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण पाकिस्तान की जीत की संभावना खत्म हो गई।

## रणजी ट्रॉफी: रजत के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक निकले 663 रन

# पाटीदार ने जड़ा दोहरा शतक, पंजाब के खिलाफ मध्यप्रदेश की मजबूत बढ़त

एजेंसी ▶▶| इंदौर

रजत पाटीदार ने जब से एमपी रणजी टीम की कमान संभाली है। वह कमाल पर कमाल कर रहे हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। रजत ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी ठोक दी है। पंजाब के खिलाफ मध्य प्रदेश के नए कप्तान ने पहले ही मैच में दोहरा शतक ठोककर अपनी टीम को मजबूत बढ़ा दिला दी है। ये रजत पाटीदार के प्रथम श्रेणी करियर का 16वां शतक और पहला दोहरा शतक है। उनकी इस पारी की मदद से मध्यप्रदेश ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 270 से ज्यादा रन की बढ़त बना ली है। रजत पाटीदार के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक 663 रन निकल चुके हैं। रजत पाटीदार ने 205 रन की नाबाद पारी खेली। स्टंप्स के समय पाटीदार के साथ अरशद खान (नाबाद 60) क्रीज पर मौजूद थे।

### सौराष्ट्र ने पहली पारी में बनाए 376 रन

**राजकोट।** कर्नाटक के लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल के आठ विकेट के बावजूद चेतन सकारिया (72 गेंद में 29 रन) और युवराज सिंह डोडिया (नाबाद 13) के बीच आखिरी विकेट के लिए 34 की साझेदारी के दम पर सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल कर ली।
सौराष्ट्र ने बीते दिन के स्कोर चार विकेट पर 200 रन से आगे खेलते हुए श्रेयस (110 रन पर आठ विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने 342 रन तक नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन सकारिया और डोडिया ने शानदार साझेदारी कर टीम को पहली पारी में चार रन की बढ़त दिला दी। कर्नाटक के 372 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 376 रन बनाए।



### कर्नाटक की कुल बढ़त हुई 85 रन

कर्नाटक ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में पांच विकेट पर 89 रन बना लिए, जिससे उनकी कुल बढ़त 85 रन की हो गई। स्टंप्स के समय मयंक अग्रवाल (31) और देवदत्त पडिक्कल (18) क्रीज पर मौजूद थे। श्रेयस ने प्रेरक मांकड़ (27) को पगबाधा कर कर्नाटक को दिन की पहली सफलता दिलाई। अनुभवी अर्पित वसावड़ा (58) और गाज्जार सम्मार (45) ने छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी के साथ सौराष्ट्र को 300 रन के करीब पहुंचाया। श्रेयस ने वसावडा को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा।

### सौराष्ट्र ने गंवाए जल्दी जल्दी विकेट गंवाए

सौराष्ट्र ने इसके बाद जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसमें शिखर शेट्टी ने जयदेव उनादकट को आउट कर टीम का स्कोर नौ विकेट पर 342 कर दिया। सकारिया और डोडिया ने लगभग 16 ओवर तक बल्लेबाजी कर कर्नाटक के बढ़त लेने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सकारिया ने छक्का लगाकर टीम की बढ़त को पक्का किया। वह इसके बाद श्रेयस का आठवां शिकार बनें।

### सैमसन ने केरल के लिए खेली अच्छी पारी

महाराष्ट्र ने तिरुवनंतपुरम में अपनी पहली पारी में 20 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 51 रन बना लिए। संजू सैमसन (54) और सलमान निजार (49) ने केरल के लिए अच्छी पारियां खेली लेकिन इसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। केरल की टीम पहली पारी में 219 रन पर आउट हो गई। गोवा ने पोरवोरिम में पहली पारी में चंडीगढ़ को 137 रन पर आउट करने के बाद फालोऑन करते हुए 153 रन पर तीन विकेट झटक लिए। गोवा ने पहली पारी में 566 रन बनाए थे। चंडीगढ़ को पारी की हार से बचने के लिए और 270 रन बनाने होंगे।

## क्रिकेट

# टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे लाबुशेन



एजेंसी ▶▶| पर्थ

मार्नस लाबुशेन को रविवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चोटिल ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया। ग्रीन मांसपेशियों में जकड़न के कारण श्रृंखला से बाहर रहेंगे क्योंकि चयनकर्ता अगले महीने शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले कोई जोखिम नहीं लेना चाहते।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'ग्रीन कुछ समय का रिहैबिलिटेशन पूरा करेंगे और एशेज की तैयारी जारी रखने के लिए शेफील्ड शील्ड के तीसरे दौर में खेलने की कोशिश करेंगे।' बयान में यह भी कहा गया कि ग्रीन का एकदिवसीय मैचों में नहीं खेलना एक एहतियाती कदम है। उनके स्थान पर चुने गए लाबुशेन शुरुआती टीम का हिस्सा नहीं थे लेकिन क्वींसलैंड के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में 159 रन बनाने के बाद उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

यह घरेलू सत्र का उनका चौथा शतक है। भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया को यह तीसरा बदलाव करना पड़ा है। इससे पहले चोटिल जोश इंगलिस की जगह जोश फिलिप और एडम जंपा की जगह मैथ्यू कुहनेमैन को टीम में जगह दी गई।

### बावुमा दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान तेम्बा बावुमा को इस महीने के अंत में भारत दौरे के लिए देश की 'ए' टीम में शामिल किया गया है ताकि 14 नवंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सके। बवुमा पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में टीम का हिस्सा नहीं है। उन्हें पूरी तरह से उबरने के लिए समय देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला की टीम में नहीं चुना गया है। बावुमा को 'ए' टीम में शामिल करके टीम में वापसी करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उन्हें शुभमन गिल और उनकी टीम के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भारतीय परिस्थितियों में ढलने में मदद मिलेगी।

## अब तक बिके 10 लाख से अधिक

# सिर चढ़कर बोल रहा फीफा विश्व कप फुटबॉल का क्रेज



एजेंसी ▶▶| मियामी

फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं।

- अगले साल 11 जून से शुरू होगा फुटबॉल का महासंग्राम
- सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की


### 11 जून 2026 से शुरू होगा ऐतिहासिक टूर्नामेंट

फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, 'दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।' फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी 'रीसेल' साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे।

# नाओमी जापान ओपन से हटीं....


एजेंसी ▶▶| ओसाका

नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण यहां जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहुंच गईं। डब्ल्यूटीए टूर ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया।



# मैडिंसन ने लड़ी कैंसर से जंग, अब पूरी तरह स्वस्थ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटर निक मैडिन्सन ने खुलासा किया है कि इस साल की शुरुआत में वृषण (टेस्टिकुलर) कैंसर का पता चलने के बाद उन्होंने कीमोथेरेपी करवाई थी लेकिन अब वे अपना करियर फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट और छह एकदिवसीय मैच खेलने वाले इस 33 साल के खिलाड़ी ने बताया कि उन्हें इस साल मार्च में न्यू साउथ वेल्स टीम से बाहर होना पड़ा था। उन्हें इसके बाद इस चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा।



मैडिन्सन ने लिखा, 'जब मुझे पता चला कि मुझे कीमोथेरेपी करवानी है, तो इससे निपटना मेरे लिए काफी मुश्किल था। यह मेरे पेट के 'लिम्फ नोड्स' और फेफड़ों के कुछ हिस्सों में फैल गया था। यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण दौर था।' आईपीएल 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए तीन मैच खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, 'दूसरे या तीसरे सप्ताह तक मेरे सारे बाल झड़ गए। मैं अब काफी सामान्य महसूस कर रहा था।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लाम्बा स्कूल से घासवा तक कि.मी. 0.00 से 1.50 कि.मी. तक रोड का निर्माण (घासवा एपी फीडर एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 15.10.2025 27.10.2025 | 3.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में जीजेयू हिसार के निकट ऑटो मार्केट जंक्शन में स्लिप रोड्स के निर्माण द्वारा टी-जंक्शन का सुधार (रोड आईडी 11549) (बरवाला चुंगी से फायर बिग्रेड ऑफिस और बरवाला चुंगी से पटेल भवन से फेज-II आटो मार्केट गेट नं.II, हिसार तक एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 15.10.2025 24.10.2025 | 43.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में गांव सलपानी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX स्कीम के तहत) + 1 कार्य। | 15.10.2025 23.10.2025 | 51.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में छाछरौली में राजकीय महाविद्यालय की विशेष मरम्मत। | 16.10.2025 23.10.2025 | 58.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | स्टोर में विभिन्न प्रकार के बेयरिंग की आवश्यकता और 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 24.10.2025 | 3.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद, पानीपत | गांव डडलाना ब्लॉक पानीपत में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | 15.10.2025 24.10.2025 | 41.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 7 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 24.10.2025 10.11.2025 | ईएमडी 1.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 8 | पंचायती राज, राजौंद | गांव कसान में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण। | 16.10.2025 23.10.2025 | 6.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, कैथल | गुलियाना में रामेश्वर तालाब का पुनरोद्धार। | 16.10.2025 23.10.2025 | 37.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812056051 kuldeepsinghgautam@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन, नारनौल | लि टीबी केन्द्र, नारनौल में टीबी रोगियों के लिए पोषण सहायता की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 17.10.2025 03.11.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015076700 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 11 | सूचना प्रौद्योगिकी इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन विभाग सचिवालय, हरियाणा (सीआरआईडी) | एचक्यू और 3 महत्वपूर्ण भवनों (राज भवन, हरियाणा भवन, नई दिल्ली और राजकीय अतिथि गृह चाणक्यपुरी में 2 सचिवालय भवनों में स्ट्रक्चर्ड लोकल एरिया नेटवर्क की आपूर्ति, स्थापना, कन्फिग्रेशन, परीक्षण और प्रचालन)। | 15.10.2025 17.11.2025 | 13.27 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 munishchandan.crid@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/220/39584/I/88/7 दि. 17.10.25


हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
THE ALL NEW
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम
₹82 266"" से शुरू | ₹6 428"" | ₹75 838"" से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI ₹75$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹1999$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK
FESTIVE TREATS
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ""Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero-7836078383, Samalkha:Singla Hero - 7836078484, Janak Puri:Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310;Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr:Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.
RS/Hero/09/25